**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 21 – 31 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदय: 05:46 | सूर्यास्त: 17:46 |

Epaper.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच

सुविचार : हर शाम सूरज ही नहीं ढलता, आपकी अनमोल जिंदगी भी ढलती है।



कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे: शाह पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# पश्चिम बंगाल में दो चरणों में चुनाव, 23 और 29 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

## तमिलनाडु में 23 अप्रैल, असम-केरल-पुडुचेरी में 9 अप्रैल को वोटिंग

### नतीजे 4 मई को

### मतदाता : पश्चिम बंगाल में 7.04 करोड़,तमिलनाडु में 5.67 करोड़, केरल में 2.7 करोड़, असम में 2.5 करोड़ पुडुचेरी 9.44 लाख





**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। सभी राज्यों में मतगणना चार मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीट हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा। उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, ''शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है; किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए।'' उन्होंने बताया कि पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17.4 करोड़ पात्र मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2.19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750-900 है। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत अपलोड करेंगे और चुनाव समाप्त होने के तुरंत बाद मतदान के आंकड़े अपलोड किए जाएंगे। असम, केरल और पुडुचेरी के लिए चुनाव अधिसूचना 16 मार्च को जारी की जाएगी और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 24 मार्च को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 26 मार्च है। तमिलनाडु में चुनाव संबंधी अधिसूचना 30 मार्च को जारी की जाएगी और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच सात अप्रैल को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल है। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 30 मार्च को, जबकि दूसरे चरण के लिए दो अप्रैल को जारी की जाएगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह अप्रैल है और दूसरे चरण के लिए नौ अप्रैल है। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनावों के लिए नामांकन पत्रों की जांच सात अप्रैल को और दूसरे चरण के लिए 10 अप्रैल को होगी। पहले चरण के लिए उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल और दूसरे चरण के लिए 13 अप्रैल है। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा सीट पर और दूसरे चरण में 142 सीट पर मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में विधानसभा का कार्यकाल सात मई को, तमिलनाडु में 10 मई को, असम में 20 मई को, केरल में 23 मई को और पुडुचेरी में 15 जून को समाप्त होगा। – पृष्ठ 4

### केंद्रीय जांच एजेंसियां, सुरक्षा बल काले धन व मादक पदार्थ की जांच करें : निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने विधानसभा चुनावों के दौरान काले धन, मादक पदार्थों और अन्य अवैध प्रलोभनों के इस्तेमाल को रोकने के लिए केंद्रीय जांच और सुरक्षा एजेंसियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।आयोग ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), वित्तीय आसूचना इकाई, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और राजस्व आसूचना निदेशालय सहित कई विभागों को निर्देश जारी किए हैं।इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को भी सतर्कता बढ़ाने को कहा गया है। आयोग ने आयकर विभाग को हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, होटलों और हवाला नेटवर्क पर नजर रखने तथा 10 लाख रुपये से अधिक नकदी मिलने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले सरकार नीतिगत फैसले ले सकती है : सीईसी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि आचार संहिता लागू होने से पहले केंद्र और राज्य सरकारें अपने विवेक के अनुसार नीतिगत फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से कुछ ही मिनट पहले एक के बाद एक दो महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा करने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में की। बंगाल की ममता बनर्जी सरकार द्वारा लिये गए निर्णयों में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) का भुगतान और पुरोहितों और मुअज्जिनों के मानदेय में वृद्धि शामिल है। कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले लिए गए निर्णय सरकार का विशेषाधिकार हैं। उन्होंने शाम करीब चार बजे चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन को इंगित करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता अभी लागू हुई है।

### पांच विधानसभाओं के चुनाव : मतदान की अवधि कम की गई लेकिन मतगणना में देरी

निर्वाचन आयोग द्वारा पांच विधानसभाओं के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम में कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं जिनमें कम चरण, 20 दिनों की संक्षिप्त मतदान अवधि और तीन मतदान दिवसों के बीच लंबा अंतराल और मतगणना में देरी शामिल है। इन पांच विधानसभाओं के लिए 2021 में हुए चुनाव में लगभग एक महीने में कुल आठ मतदान दिवस थे, जबकि मतों की गिनती अंतिम मतदान तिथि के तीसरे दिन की गई थी। इस बार मतदान के अंतिम दिन के बाद पांचवें दिन मतगणना की जाएगी। मतदान के पहले दो चरणों (पहला दिन 9 अप्रैल और दूसरा दिन 23 अप्रैल) के बीच का अंतराल अधिक है, जबकि अंतिम मतदान दिवस 29 अप्रैल को होगा। बिहार में नवंबर 2025 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भी दो मतदान दिवस 6 और 11 नवंबर के बीच कुल पांच दिन का अंतर था जबकि मतगणना तीन दिन बाद 14 नवंबर को हुई थी।

### बंगाल में संदिग्ध मतदाता मामलों के निस्तारण के बाद पूरक मतदाता सूची जारी होगी : सीईसी

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान संदिग्ध पाए गए मतदाताओं के मामलों की न्यायिक अधिकारियों द्वारा निस्तारण किये जाने के बाद पूरक मतदाता सूची जारी की जाएंगी। पश्चिम बंगाल में फरवरी में मतदाता सूची के एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, 60 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम 'संदिग्ध' श्रेणी में रखे गए थे और उन्हें न्यायिक अधिकारियों को निर्णय के लिए सौंप दिया गया। अब उनके नाम केवल पूरक मतदाता सूचियों के माध्यम से ही शामिल किए जा सकते हैं।

## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए रिफाइनरी कीमतों पर 'रोक' लगाने की तैयारी

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से उन्हें हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने पर विचार कर रही हैं। इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है। पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिससे पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में सेना ने घुसपैठ को नाकाम किया, एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के निकट सुरक्षा बलों ने रविवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने यह जानकारी दी। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'पोस्ट' किया, ''जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा घुसपैठ के प्रयास के संबंध में दी गई विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर 14-15 मार्च 2026 की दरमियानी रात को जनरल क्षेत्र बुच्छर, उरी सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।'' इसमें कहा गया है कि सैनिकों ने एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। सेना ने कहा, ''आतंकवादी को चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

## चुनाव आचार संहिता लागू होते ही निर्वाचन आयोग का बड़ा एक्शन

# बंगाल के मुख्य सचिव और गृह सचिव को पद से हटाया

■ आज हटाए जा सकते हैं डीजीपी और सीपी भी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और गृह सचिव को बदलने का फैसला किया है। चुनाव की तारीखों के एलान के बाद रविवार की रात आयोग ने यह आदेश जारी किया। आयोग के निर्देश के अनुसार, राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब दुष्यंत नारियावाला को नया मुख्य सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को भी उनके पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह संघमित्रा घोष को नया गृह सचिव नियुक्त किया गया है। इस बीच, सूत्रों से यह भी जानकारी मिल रही है कि पुलिस महानिदेशक और कोलकाता के पुलिस कमिश्नर भी हटाए जा सकते हैं। नए मुख्य सचिव बनाए गए दुश्यंत नारियावाला वर्ष 1993 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह राज्य सरकार के उत्तर बंगाल विकास विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा, उन्होंने आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी भी संभाली है। अतिरिक्त प्रभार के रूप में वह पहले सिंचाई विभाग का कामकाज भी देख चुके हैं। चुनाव आयोग ने उन्हें सोमवार की दोपहर 3 बजे तक अपना पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है।

# चुनाव की घोषणा से पहले ममता का बड़ा दांव

## सरकारी कर्मचारियों को बकाया डीए देने का ऐलान

■ पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा से कुछ घंटे पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि, प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) का मार्च से भुगतान करने की घोषणा की। इस संशोधन के बाद, पुरोहितों व मुअज्जिनों को अब प्रति माह 2,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने बताया कि बंगाल सरकार इस साल मार्च से अपने कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) का भुगतान करेगी। इस दिन, ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचन-ाओं में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार, उन्हें मार्च 2026 से आरओपीए 2009 के तहत मिलने वाली महंगाई भत्ता राशि का बकाया मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि मुझे यह घो-षणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पुरोहितों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की गई है, जिनकी सेवा हमारे समुदायों के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन को बनाए रखती है। इस संशोधन के साथ, उन्हें अब प्रतिमाह 2,000 रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरोहितों और मुअज्जिनों द्वारा मानदेय के लिए प्रस्तुत सभी नए आवेदनों को मंजूरी दे दी है। धार्मिक सद्भाव पर सरकार के रुख को रेखांकित करते हुए, ममता ने कहा कि हमें ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने पर गर्व है जहां प्रत्येक समुदाय और परंपरा को महत्व दिया जाता है और उसे मजबूत किया जाता है। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हमारी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के संरक्षकों को वह मान्यता और समर्थन मिले जिसके वे हकदार हैं।

# युद्ध का विस्तार करने की ईरान की धमकी के बीच खाड़ी देशों में मिसाइल एवं ड्रोन हमले

**काहिरा :** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के दौरान ईरान द्वारा अपने हमलों का दायरा और व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच, अरब खाड़ी देशों ने रविवार को उन पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की सूचना दी। इजराइल और अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था जिसके जवाब में कार्रवाई करते हुए ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर हमले किए। इस युद्ध के जल्द समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे और इसके कारण वैश्विक विमानन सेवाएं अस्त-व्यस्त हो गई हैं, तेल निर्यात बाधित हुआ है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतों में वृद्धि हुई है। बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने रविवार को अपने निवासियों को चेतावनी दी कि वे उनकी ओर आ रहीं मिसाइल रोकने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। इससे पहले, ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। ईरान ने पश्चिम एशिया के सबसे व्यस्त बंदरगाह और संयुक्त अरब अमीरात के दो अन्य बंदरगाहों को खाली करने का आह्वान किया। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी।

### नेतन्याहू ने मौत की अटकलों का दिया जवाब, सड़क किनारे कॉफी पीते वीडियो जारी किया



**यरुशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों पर चुटकी लेते हुए रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया जिसमें वह सड़क किनारे बाजार में कॉफी का ऑर्डर देते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर पिछले एक सप्ताह से नेतन्याहू की सार्वजनिक रूप से अनुपस्थिति को लेकर अटकलें तेज थीं, खासकर तब जब एक वीडियो सामने आया जिसमें नेतन्याहू के हाथ में छह उंगलियां दिखीं। इस वीडियो ने अमेरिका-इजराइल के 28 फरवरी के संयुक्त हमले और ईरान की तीव्र प्रतिक्रिया के बीच खाड़ी क्षेत्र में फैले युद्ध की पृष्ठभूमि में नयी बहस और अफवाहों को हवा दे दी।

# एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख हुई, ईंधन की कोई कमी नहीं: सरकार

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है और यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है, जबकि 13 मार्च को यह 88.8 लाख थी। सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति के प्रभाव पर जारी दैनिक अपडेट में बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का हिस्सा बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। इसका श्रेय तेल विपणन कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने और लोगों को एलपीजी डीलरशिप पर लंबी कतारों में खड़ा होकर ज़रूरत से ज़्यादा खरीदारी करने से रोकने वाले अभियान को दिया गया है। सरकार ने बताया कि देश की सभी घरेलू रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पर्याप्त कच्चे तेल का भंडारण बनाए हुए हैं।

### अब एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकेंगे पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ता, सरकार ने लगाई रोक

सरकार ने पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) का कनेक्शन रखने वाले वाले परिवारों के लिए सब्सिडी वाला एलपीजी कनेक्शन रखने या लेने पर रोक लगा दी है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते क्षेत्र के नियामक ने शहर गैस वितरण कंपनियों से अपने पीएनजी ढांचे का विस्तार तेजी से करने को कहा है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति पर दबाव कम किया जा सके।

# भारत का कच्चे तेल का टैंकर यूएई के फुजैराह से सुरक्षित निकला



**नयी दिल्ली :** तेल टर्मिनल पर हमले के बावजूद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह से तेल भरने के बाद भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का एक टैंकर सुरक्षित निकल गया है। सरकार ने रविवार एक अद्यतन सूचना में कहा कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर करीब से नज़र रख रही है और स्थिर ईंधन आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। 'जग लाडकी' नाम का यह जहाज, जिसमें लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल है, फुजैराह से भारतीय समय के अनुसार 10.30 बजे निकला और इस पर सवार सभी सदस्य सुरक्षित हैं, और अब यह भारत के लिए रवाना हो गया है। 'जग लाडकी' चौथा भारतीय ध्वजवाहक जहाज है जो युद्ध क्षेत्र से बिना किसी नुकसान के बाहर निकला है। तैयारी के उपायों पर एक अद्यतन सूचना में सरकार ने कहा कि इसके अलावा, सुरक्षित रास्ता भारतीय कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। होर्मुज जलडमरूमध्य में पोत परिवहन की दिक्कतों ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर असर डाला है। इसमें कहा गया, ''14 मार्च, 2026 को, जब भारतीय ध्वज वाला जहाज जग लाडकी फुजैराह सिंगल पॉइंट मूरिंग पर कच्चा तेल भर रहा था, तो तेल टर्मिनल पर हमला हुआ। जहाज़ आज (रविवार) 10.30 बजे फुजैराह से लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल लेकर सुरक्षित रूप से भारत के लिए रवाना हुआ।'' इसमें कहा गया है कि जहाज और उसमें सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। शनिवार को, दो भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' – लगभग 92,712 टन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए। सूचना के अनुसार, शिवालिक 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचेगा, और नंदा देवी 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर लंगर डालेगा। ये दोनों जहाज़ उन 24 जहाजों में शामिल थे जो इस क्षेत्र में युद्ध शुरू होने के बाद से जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए थे। पश्चिमी इलाके पर 24 के अलावा, पूर्वी क्षेत्र में चार और जहाज फंसे हुए थे। पूर्वी इलाके में पर चार में से भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर जग प्रकाश, जो ओमान से अफ्रीका पेट्रोल ले जा रहा था, शुक्रवार को युद्ध प्रभावित इलाके को पार कर गया।

### जयशंकर ने सऊदी अरब और यूएई के विदेश मंत्रियों से बात की

**नयी दिल्ली :** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रियों से पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। जयशंकर ने शनिवार रात यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री के साथ चर्चा की। जायद अल नाहयान के साथ हुई बातचीत के बारे में जयशंकर ने कहा, ''क्षेत्रीय स्थिति के विभिन्न पहलुओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।'' माना जाता है कि जयशंकर की दोनों विदेश मंत्रियों के साथ हुई बातचीत में भारत की ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा भी शामिल था।



## डिजिटल दुनिया ने छीनी युवाओं की नींद

भारतीय जन-जीवन में तेजी से घर करती डिजिटल जीवन शैली ने युवाओं की नींद को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिसके चलते उनमें आक्रामकता, अवसाद व आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित हो रही है। देश-दुनिया में समय-समय पर आने वाले विभिन्न सर्वेक्षण इस संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लेकिन देश में किशोरों का स्क्रीन टाइम घातक ढंग से बढ़ रहा है। आमतौर पर चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि किशोरों की सेहत के लिये आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ आठ घंटे के बजाय सात-छह घंटे की नींद को भी पर्याप्त मानते हैं, बशर्ते उसमें बीच में किसी तरह का व्यवधान न हो। लेकिन बिना किसी जरूरी काम के कथित सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना आज के दौर में फैशन सा बन गया है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में हुए हालिया शोध बताते हैं कि रात में जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने से बेहतर स्वास्थ्य बनता है। यह भारतीय जीवन दर्शन की अपरिहार्य धारणा भी रही है। लेकिन देश में पहले टीवी और अब मोबाइल फोन के अनियंत्रित उपयोग ने युवाओं की रात की नींद उड़ा दी है। जिसके चलते युवा पूरे दिन उखड़े-उखड़े और अशांत रहते हैं। उनमें आक्रामकता बढ़ रही है। फिर वे अवसाद के शिकार हो जाते हैं। बाधित नींद की इस स्थिति में कालांतर मन में आत्महत्या जैसे नकारात्मक भाव उमड़ने लगते हैं। एक सर्वे बताता है कि देश में 73 फीसदी दसवीं के छात्र आठ घंटे से कम की नींद सोते हैं। कलकत्ता स्लीप सोसाइटी के विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनिया में 60 से 70 फीसदी किशोर पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं। दरअसल, आज छात्रों पर अभिभावकों व शिक्षकों का अनुशासन कम ही चलता है। मां-बाप के टोकने पर वे दलील देते हैं कि ऑन लाइन पढ़ाई चल रही है। कोरोना संकट ने देश-दुनिया में ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प तो दिया, लेकिन तमाम तरह की विसंगतियां व विकृतियां भी किशोरों के जीवन में भर दी हैं।

एक चौंकाने वाला आंकड़ा बताता है कि देश में सत्तर करोड़ भारतीय छह घंटे की नींद नहीं ले पाते। वहीं 46 प्रतिशत भारतीय छह घंटे से कम की नींद ले पाते हैं। लेकिन सबसे बड़ा संकट युवाओं व किशोरों से जुड़ा है। वे देर रात तक ऑनलाइन गेमों से जुड़े रहते हैं। रात में जाने-अनजाने दोस्त उनके सहभागी बनते हैं। जो कालांतर एक नशे की लत का रूप ले लेता है। परिजनों की रोक-टोक उन्हें रास नहीं आती। कई घटनाओं में उनके आक्रामक व्यवहार के घातक परिणाम सामने आए हैं। यहां तक कि नजदीकी परिजनों की हत्या की घटनाएं भी हुई हैं। दरअसल, ऑनलाइन खेलों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे किशोरों के लिये नशा बन जाते हैं। रात का एकांत उन्हें रास आता है। जिसके चलते वे नींद की परवाह नहीं करते। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया व ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर तमाम वर्जित व अश्लील सामग्री की रात्रि में भरमार रहती है। जिसकी चपेट में छोटे-बड़े लोग आ रहे हैं। युवा देर रात का एकांत तलाशते हैं ताकि परिजनों की अनुपस्थिति में वे मनमानी कर सकें। वे देर रात तक ऑनलाइन रहने में अपनी शान समझते हैं। यह भूल जाते हैं कि वास्तव में, वे अपनी सेहत से किस हद तक खिलवाड़ कर रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे हैं अनिद्रा से उच्च रक्तचाप की समस्या पैदा हो रही है। जो कालांतर हाइपरटेंशन में बदल जाती है। दरअसल, शरीर की जैविक घड़ी के परिचालन में व्यवधान से शरीर नकारात्मक प्रतिक्रिया देता है। देर रात जागने और मोबाइल के नशे में किशोर असमय खाते-पीते हैं, जिससे उनमें मोटापे की समस्या भी घर कर रही है। यही वजह है कि अब किशोरों तक में डाइबिटीज की समस्या देखने में आ रही है। दरअसल, कुदरती सोने के समय का विकल्प देर रात या सुबह की नींद नहीं हो सकती है। यह संकट बड़ा है और अभिभावकों व शिक्षकों को किशोरों की देर रात जागने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये गंभीर प्रयास करने होंगे। अन्यथा देश को कालांतर अस्वस्थ युवा पीढ़ी का संत्रास झेलने को बाध्य होना पड़ेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 मार्च, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष द्वादशी, 09:38 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 30:15 तक, योग : शिव, 09:27 तक, सूर्योदय: 05:46, सूर्यास्त: 17:46, चन्द्रोदय : 03:51, चन्द्रास्त: 15:15, शक सम्वतः 1943 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 07:17 से 08:46

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के चारों ओर आज का वातावरण काफी खुशनुमा रहेगा और कोई सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास और मजबूत होगा।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन सुखद अनुभव देने वाला रहेगा। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहे थे, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों को आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। उच्च अधिकारियों की कृपा भी आपके ऊपर बनी रह सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है।

**सिंह :** कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन भाग्य के लिहाज से अनुकूल रहने वाला है। जीवनसाथी का साथ और सहयोग आपको मानसिक मजबूती देगा।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन भाग्य के लिहाज से अनुकूल रहने वाला है। जीवनसाथी का साथ और सहयोग आपको मानसिक मजबूती देगा।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए का दिन लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने का अवसर लेकर आएगा। पेट से जुड़ी किसी समस्या को लेकर लापरवाही न करें और जल्दबाजी से बचें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को आज आर्थिक मामलों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। बढ़ते खर्चों को संतुलित रखने के लिए योजना बनाकर चलना जरूरी होगा।

**धनु :** पिताजी की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। संतान की इच्छा पूरी करने के लिए आप नया वाहन खरीदने का विचार भी कर सकते हैं।

**मकर :** अपनी आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों पर ध्यान देना जरूरी होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी पसंद का काम मिलने से भी आपको संतोष मिलेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने वाला रहेगा। आप अपने फैसलों के बल पर कई कामों में सफलता हासिल कर सकते हैं।

**मीन :** मीन राशि वालों को आज अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए।किसी से वादा करने से पहले भी अच्छी तरह सोच-समझ लेना ही बेहतर रहेगा।

# तेल के खेल, गैस का दर्द, सियासत और जंग



डॉ. घनश्याम बादल

दुनिया की बड़ी राजनीति अक्सर आम आदमी की छोटी-छोटी ज़रूरतों पर भारी पड़ती रही है। जब कहीं युद्ध की आहट होती है, तो उसके धमाके केवल सीमाओं पर ही नहीं गूंजते, बल्कि रसोई के चूल्हों, पेट्रोल पंपों और घर के बजट में भी सुनाई देने लगते हैं। इन दिनों पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर यही सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर वैश्विक ताकतों की जंग का बोझ कब तक साधारण नागरिक उठाता रहेगा।

इजरायल, ईरान और अमेरिका के जंग ने दुनिया के सबसे संवेदनशील ऊर्जा मार्ग हरमुज जलडमरूमध्य को संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है। दुनिया के तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी संकरे समुद्री रास्ते से गुज़रता है। यहां से आपूर्ति रुकने या बाधित होने का असर सीधे दुनिया की अर्थव्यवस्था और भारत जैसे ऊर्जा आयातक देशों की जेब पर पड़ रहा है।

युद्ध की राजनीति में तेल केवल ऊर्जा नहीं, बल्कि रणनीतिक हथियार भी बन जाता है। ईरान लंबे समय से यह संकेत देता रहा है कि यदि उस पर सैन्य दबाव बढ़ता है तो वह हरमुज जलडमरूमध्य को बंद करने जैसे क़दम उठा सकता है। यह धमकी सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चेतावनी है। दुनिया के तेल बाजार में ज़रा सी हलचल होते ही कीमतें आसमान छूने लगी हैं। इसका मतलब है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में उछाल, परिवहन महंगा और अंततः हर चीज की कीमत में वृद्धि। यह वही श्रृंखला है जो सीधे आम आदमी के जीवन में आर्थिक दर्द पैदा करती है।

भले ही भारत इस युद्ध का हिस्सेदार नहीं है और न ही यह युद्ध भारत और उसकी सीमाओं के आसपास लड़ा जा रहा है लेकिन फिर भी इस युद्ध के प्रभावों की दृष्टि से भारत इस वैश्विक खेल का एक प्रभावित किरदार है, क्योंकि देश अपनी ज़रूरत का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से तेल आयात करके पूरा करता है।

पश्चिम एशिया में युद्ध या तनाव की हर ख़बर दिल्ली के नीति निर्माताओं के माथे पर चिंता की लकीरें खींच रही है लेकिन विडंबना यह है कि जहां एक ओर वैश्विक संकट का सामना करने के लिए राष्ट्रीय एकता की जरूरत है, वहीं दूसरी ओर देश के भीतर सियासी बहस अक्सर आरोप-प्रत्यारोप की आग में उलझ रही है। विपक्ष सरकार से सवाल करता है कि तेल और गैस की बढ़ती कीमतों से जनता को राहत क्यों नहीं दी जा रही। सरकार जवाब देती है कि यह वैश्विक बाजार का असर है और भारत ने जितना संभव है संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। विपक्ष सरकार को गैस एजेंसियों के सामने लगी हुई लंबी-लंबी लाइन दिखाकर सवाल खड़े कर रहा है तो सरकार इसे उसकी क्षुद्र राजनीति बता रही है।




सच यह है कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी राजनीतिक मजबूरियों के साथ खड़े हैं, लेकिन इन बहसों के बीच वह व्यक्ति सबसे ज्यादा परेशान है जो सुबह मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाता है, दोपहर में सब्जी खरीदता है और शाम को सिलेंडर की कीमत का हिसाब लगाता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति के बड़े-बड़े बयान और टीवी स्टूडियो की बहसें उसके जीवन की वास्तविकता को नहीं बदलतीं। उसके लिए जंग का मतलब है महंगाई, और महंगाई का मतलब है रोजमर्रा की ज़रूरतों पर कुठाराघात।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे दिलचस्प और विडंबनापूर्ण पहलू यह है कि तेल की वैश्विक राजनीति अक्सर घरेलू सियासत का सबसे सुविधाजनक हथियार बन जाती है। जब कीमतें बढ़ती हैं तो विपक्ष सरकार पर हमला करता है कि उसने टैक्स कम क्यों नहीं किए। जब कीमतें कुछ कम होती हैं तो सरकार इसे अपनी आर्थिक नीति की सफलता बताती है। लेकिन आम आदमी के लिए यह बहस उस पुरानी कहावत जैसी लगती है जिसमें हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और होते हैं। उसे तो बस इतना पता है कि उसका बजट लगातार असंतुलित होता जा रहा है।

पश्चिम एशिया की जंग केवल तेल तक सीमित नहीं वरन् वैश्विक कूटनीति, वर्चस्व के लिए चल चला दांव, सैन्य गठबंधनों और शक्ति संतुलन की जटिल कहानी भी है। इज़रायल की सुरक्षा चिंताएं, ईरान की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाएं और अमेरिका की रणनीतिक मौजूदगी- इन तीनों के बीच खिंची रस्साकशी किसी भी क्षण विश्व युद्ध का रूप ले सकती है। यदि ऐसा हुआ तो उसका असर केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। तेल बाजार में उथल-पुथल, समुद्री व्यापार में बाधा और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता की लहरें दूर-दूर तक महसूस की जाएंगी।

भारत के लिए तो चुनौती दोहरी है। एक ओर उसे अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, दूसरी ओर घरेलू आर्थिक स्थिरता बनाए रखनी है। सरकार ने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, रणनीतिक तेल भंडार और विविध आयात मार्गों की बात ज़रूर की है, लेकिन सच यह भी है कि निकट भविष्य में तेल पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त करना संभव नहीं है। यही कारण है कि पश्चिम एशिया में हर संकट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए झटका बन जाता है।

इन परिस्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या राजनीति को कम से कम ऐसे मुद्दों पर थोड़ी परिपक्वता नहीं दिखानी चाहिए?

जब वैश्विक संकट सामने हो, तब देश के भीतर संवाद और सहयोग की संस्कृति मज़बूत होनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से अक्सर ऐसा नहीं होता। संसद से लेकर सड़क तक, हर जगह आरोपों की ऐसी गूंज सुनाई देती है जिसमें समाधान की आवाज़ न के बराबर और एक दूसरे की टांग खिंचाई कहीं अधिक होती है।

आखिरकार जंग का सबसे बड़ा सच यही है कि उसके असली पीड़ित वे लोग होते हैं जिनका उससे सीधा कोई संबंध नहीं होता। तेल की कीमतों में उछाल, गैस सिलेंडर की महंगाई और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती लागत-ये सब उस अवांछित युद्ध के परिणाम हैं जिसे आम आदमी ने कभी चुना ही नहीं। उसके लिए दुनिया की सबसे बड़ी ताकतों की रणनीति का अर्थ सिर्फ इतना है कि उसके घर का बजट और तंग हो गया है।

यही समय है जब दुनिया को यह समझने की ज़रूरत है कि ऊर्जा संसाधनों पर आधारित शक्ति की राजनीति अंततः मानव समाज को ही कमज़ोर करती है। यदि वैश्विक नेतृत्व सचमुच स्थिरता चाहता है तो उसे युद्ध की भाषा से आगे बढ़कर सहयोग की भाषा अपनानी होगी। लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक तेल के इस खेल में गैस का दर्द, सियासत की कड़वाहट और जंग की आशंका आम आदमी के जीवन में लगातार नए घाव जोड़ती रहेगी।

-वरिष्ठ स्तंभकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

# भारत ने किस प्रकार अपनी ऊर्जा प्रणाली को गतिशील बनाया

आम तौर पर, संरचनात्मक ऊर्जा परिवर्तन शायद ही कभी आरामदायक समय के दौरान होते हैं। वे तब होते हैं जब किसी संकट की लंबे समय तक अनदेखी की जाती है और उसके प्रति निष्क्रिय भाव रखा जाता है। यद्यपि, पिछले 11 वर्षों के दौरान, मोदी सरकार ने इसके विपरीत काम किया है। इसने ऊर्जा क्षेत्र में संरचनात्मक परिवर्तन किए, तब भी जब परिस्थितियां प्रतिकूल नहीं थीं। इसने भारत को वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधानों को सहन करने के प्रति अधिक क्षमता निर्माण में सक्षम बनाया। मोदी सरकार ने घरेलू उत्पादन का विस्तार करके, नए ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन का प्रबंधन करके और आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाकर, अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बाहरी झटकों का सामना करने में देश को अधिक सक्षम बना दिया है।

भारत के लिए इस समस्या का समाधान करने का मार्ग कभी भी मुश्किल नहीं था। आवश्यकता थी, इसे लगातार आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने अपनी योजनाओं पर बने रहने का निर्णय लिया। मोदी सरकार ने खुद को आम लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया है, जो अपनी समस्याओं का समाधान चाहते थी। इसकी कार्यनीति तीन स्तंभों पर टिकी हुई थी और प्रत्येक ने सरकार से एक अलग तरह की प्रतिबद्धता की मांग की।

पहले कार्यनीति घरेलू उत्पादन की थी। पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिलाने की कार्यप्रणाली 2001 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंभ हुई थी। फिर भी कई वर्षों तक, भारत ने कोई प्रगति नहीं की और इथेनॉल उत्पादन स्थिर रहा। 2014 के बाद ही व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से, भारत इस पहल की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम हुआ। मोदी सरकार के तहत, देश ने ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला आरंभ की। इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम (ईबीपी) के तहत शुरू में 2030 के लिए पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

हालांकि, 2020 में, आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस लक्ष्य को 2025 तक विस्तारित कर दिया, क्योंकि इसने भू-राजनीतिक झटकों की स्थिति में ऊर्जा आयात के प्रति देश की निर्बलता को कम करने के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया। प्रयासों और नीतिगत फोकस के परिणामस्वरूप, पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग 2014 में 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 20 प्रतिशत हो गया, जो 11 वर्षों में 13 गुना वृद्धि है। इथेनॉल उत्पादन 2014 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661.1 करोड़ लीटर हो गया।1

20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम अब सालाना लगभग 44 मिलियन बैरल कच्चे तेल को विस्थापित करता है।2

दूसरी कार्यनीति सही तरीके से ऊर्जा परिवर्तन करने से संबंधित थी। मोदी सरकार ने सभी स्तरों पर देश के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के विकास का समर्थन किया। इसने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में शत-प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी, जिसने पिछले चार वर्षों में एफडीआई में 36 बिलियन डॉलर को आकर्षित किया है। प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण को प्रोत्साहित करने और ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला क्षमता का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं आरंभ की गईं। भारत में (हाइब्रिड) ईवी का फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग (फेम ख) 2015 में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन प्रौद्योगिकी को अपनाने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया गया था, जिससे इस क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

योजना के पहले चरण में, लगभग 2.78 लाख ईवी जोड़े गए, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 59 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई।3 फेम इंडिया योजना के परिणाम और अनुभव के आधार पर, फेम का दूसरा चरण 2019 में आरंभ किया गया। हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों पर अग्रिम मूल्य में कटौती के माध्यम से उपभोक्ताओं (खरीदारों/अंतिम उपयोगकर्ताओं) को प्रोत्साहन और रियायतें प्रदान की गईं, जिससे इसे व्यापक स्तर पर अपनाने की सुविधा मिली। इस पहल ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए अधिक किफायती और सुलभ बना दिया, जिससे उन्हें अपनाने में तेजी लाने में मदद मिली। इस योजना ने 16 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर सब्सिडी दी, जिससे 42.9 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई। 4

### उत्पादन, परिवर्तन और विविधीकरण:

इसके अतिरिक्त, इस पहल के परिणामस्वरूप, 2019-20 की तुलना में 2023-24 में भारत में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में 9.7 गुना वृद्धि हुई। वर्तमान में, भारत के ईवी बाजार में 2025-2026 में तेजी देखी जा रही है, जिसकी बिक्री 2.3 मिलियन यूनिट (कुल वाहन पंजीकरण का लगभग 8 प्रतिशत) तक पहुंच गई है।5

ईवी और नवीकरणीय ऊर्जा सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में इस परिवर्तन में निर्भरता से जुड़ा जोखिम भी है। खनिज निर्भरता की जगह तेल निर्भरता के लिए बदलाव से पूर्ण ऊर्जा सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। इस निर्बलता को दूर करने के लिए, मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित करने और भारत की महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने के लिए 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' आरंभ किया।

तीसरी कार्यनीति, मोदी सरकार की ऊर्जा स्रोतों और आपूर्ति भागीदारों के विविधीकरण से जुड़ी थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बहु- संयोजन की नीति अपनाई है, जिसने भारत को अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए कई राज्यों के साथ समानांतर, गहरे संबंध विकसित करने में सक्षम बनाया है। इस कूटनीतिक लोकसंपर्क ने भारत के क्रूड सोर्सिंग बेस को एक दशक पहले के 27 देशों से बढ़ाकर आज 40 से अधिक कर दिया है।6

इन उपायों के महत्व को समझने का एक उपयोगी तरीका यह विचार करना है कि अगर ये कदम नहीं उठाए गए होते तो स्थिति कैसी दिख सकती थी। रूस-यूक्रेन युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव जैसी घटनाओं ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं कितनी जल्दी प्रभावित हो सकती हैं। उदाहरण के लिए विचार करें कि इथेनॉल ब्लेंडिंग जैसे घरेलू विकल्पों के विस्तार के बिना, जिसने 2014 के बाद पहले ही 190 मिलियन बैरल मीट्रिक टन से अधिक कच्चे तेल के आयात (और 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है) को प्रतिस्थापित किया है, इस7 तरह के झटकों के लिए भारत का जोखिम बहुत अधिक और प्रतिकूल परिणाम होता। उस परिदृश्य में (इथेनॉल ब्लेंडिंग को प्राथमिकता नहीं देने की), वैश्विक आपूर्ति व्यवधान भारतीय घरेलू आर्थिक दबाव में बहुत तेजी से परिवर्तित हो गया होता।

अगर मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में इन नीतियों को नहीं अपनाया होता, तो इस तरह के व्यवधान भारत की ऊर्जा प्रणाली में गंभीर अस्थिरता पैदा कर सकते थे, जिसके परिणाम भारत जैसी विस्तारित अर्थव्यवस्था के लिए विनाश की सीमा तक पहुंच सकते थे। इसलिए पिछले एक दशक में किए गए सुधारों ने भारत को भू-राजनीतिक अनिश्चितता के दौर में प्रवेश करने में मदद की है, जिसे हम आज अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के प्रबंधन में मजबूत बफर और अधिक लचीलेपन के साथ देख रहे हैं।

हालांकि, वे दिन जब भारत की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ी और एक ही समुद्री चॉकपॉइंट में स्थितियों के साथ उनमें गिरावट आ गई, अब व्यतीत हो चुके है। अब किसी एक ही गलियारे में कोई भी व्यवधान एक प्रबंधित सोर्सिंग समायोजन को बढ़ावा देता है, न कि आपूर्ति आपातकाल को बढ़ाता है। चूंकि भारतीय रिफाइनरी कम्पनियां एक निर्धारित मूल स्थान से एक निश्चित स्लेट पर निर्भर नहीं करते हैं, इसलिए यह लचीलापन देश के लिए एक प्राथमिक ऊर्जा सुरक्षा संपत्ति है। जहां होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण चॉकपॉइंट बना हुआ है, भारत जहाजों का मार्ग फिर से बदल सकता है और अपनी रणनीति को अन्य ऊर्जा-निर्यातक देशों की तरफ स्थानांतरित कर सकता है। भारत आज एक दशक पहले की तुलना में वैश्विक ऊर्जा बाजारों में व्यवधानों को संभालने के लिए कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है। एक ऐसी दुनिया में जहां आपूर्ति श्रृंखलाएं तेजी से अनिश्चित होती जा रही हैं, ऊर्जा स्रोतों और साझेदारी का एक व्यापक और अधिक विविध आधार भारत की ऊर्जा आपूर्ति गतिशीलता के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षोपाय बन गया है।

## वर्ग पहेली नं. 3380



*बायें से दायें:-* 1) नाश, 4) अकारण, 7) शरण, 9) डंठल, 10) मरणासन्न, 12) स्वार्थ, 14) हानि, 15) गन्ने का जलीय अंश, 17) भूल, 20) नियंत्रण; बागडोर, 21) बारात ठहराने का स्थान, 23) बैठा हुआ, 25) कपासी, 26) शुष्क, 28) चुना हुआ, 29) क्षतिपूर्ति करना.

*ऊपर से नीचे:-* 2) ख़राब, 3) दीया, 4) अपेक्षाकृत अच्छा, 5) महोदय, 6) सवाल का जवाब, 8) इज़्ज़त; प्रसिद्धि, 10) न्यारा; पृथक, 11) छुटकारा, 13) चिपचिपा, 16) एक मिठाई, 18) फुहारा, 19) प्राण, 21) जन्मदात्री, 22) कौवा, 23) दो से अविभाज्य संख्या, 24) जोबन; यौवन, 25) ज़च्चा, 27) निकृष्ट.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 4 | 3 | | 2 | 7 | | |
| | | 9 | | | | | 4 | |
| | | | | | 7 | 1 | | |
| 8 | | | | | 1 | | | 5 |
| 5 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | 2 | 3 | |
| | | 1 | | | | | | 2 |
| 7 | | | | 1 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 9 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

### सूडोकू पहेली - 3337 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 7 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 3 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 7 |

# चुनाव के चरणों से कोई फर्क नहीं पड़ता, भाजपा को हर हाल में पराजित करेगी जनता : तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में दो चरण में विधानसभा चुनाव कराए जाने को ज्यादा तवज्जो न देते हुए रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने चरणों की संख्या 'अपने राजनीतिक आकाओं की जरूरतों' के अनुसार तय की। पार्टी ने सवाल उठाया कि 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान कोविड-19 महामारी फैली होने के बावजूद आयोग ने आठ चरण में चुनाव कराया था जबकि इस बार केवल दो चरण में चुनाव कराने का फैसला किया है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि चरणों की संख्या भाजपा की इच्छा को दर्शाती है और निर्वाचन आयोग ने अपने राजनीतिक आकाओं की जरूरतों के अनुसार काम किया है। चक्रवर्ती ने कहा कि 2021 में जब लोग कोविड संक्रमण से मर रहे थे, तब राज्य में आठ चरण में चुनाव कराए गए और अब जब ऐसी कोई बीमारी नहीं है, तो केवल दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय क्यों लिया गया? चुनावों के चरणों की संख्या मायने नहीं रखती, लोग भाजपा को हर हाल में परास्त कर देंगे।

**❑ भाजपा ने चुनाव आयोग के फैसले का किया स्वागत**

इस बीच, भाजपा ने दो चरण में चुनाव कराने के आयोग के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि लोग सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के 'महाजंगलराज' को खत्म करने के लिए निर्णायक तरीके से मतदान करेंगे। पार्टी ने दावा किया कि चुनाव परिणाम उसके पक्ष में आएगा। भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने लोगों के मूलभूत अधिकार छीने हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में सत्ता में आती है तो राज्य में एक 'नयी सुबह' होगी। भट्टाचार्य ने दावा किया कि टीएमसी सरकार ने लोगों को बुनियादी अधिकारों जैसे साफ पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर, रोजगार के अवसर से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर, लोगों के अधिकार पुनः बहाल किए जाएंगे। हमारी सरकार सभी वर्गों तक पहुंच बनाएगी और एक समावेशी प्रणाली तैयार करेगी, जहां हर नागरिक की इच्छाओं और आकांक्षाओं का सम्मान किया जाएगा।

**❑ कांग्रेस ने फैसले का किया स्वागत, उठाये सवाल**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप भट्टाचार्य ने दो चरण में चुनाव कराने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन साथ ही सवाल किया कि क्या मतदाता बिना डर और दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे। पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि उन्होंने हाल ही में आयोग की पूर्ण पीठ के साथ बातचीत में मतदाताओं को डराने और धमकाए जाने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने से कहा कि मैं पश्चिम बंगाल में दो चरण में चुनाव कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले का स्वागत करता हूं। लेकिन मेरी एकमात्र चिंता यह है कि क्या मतदाता स्वतंत्र रूप से और बिना किसी भय के मतदान कर सकेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चुनावों में कई बार ऐसा हुआ कि कई चरण में चुनाव होने के बावजूद भी मतदाता वोट नहीं डाल पाए।

## पूरक सूची जारी होने से पहले चुनाव की घोषणा नागरिकों के चुनाव लड़ने के अधिकार का हनन : माकपा



**बीरभूम :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को राज्य में न्यायिक अधिकारियों द्वारा सही पाए गए मतदाताओं की पूरक सूची प्रकाशित किए बिना ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की। पार्टी ने उन लोगों के चुनाव लड़ने और मतदान के अधिकारों में कटौती किए जाने पर भी सवाल उठाए, जो वर्तमान में आयोग की जांच के दायरे में हैं। राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने जिला मुख्यालय बीरभूम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल की राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राज्य में लाखों मतदाताओं को मतदाता सूची में उनकी वैधता पर संदेह के आधार पर अवैध रूप से निलंबित रखा गया है। सलीम ने तर्क दिया कि संविधान देश के नागरिकों को चुनाव लड़ने का अधिकार देता है। आयोग की संदिग्ध मतदाता सूची में अभी भी 60 लाख से अधिक लोग शामिल हैं, ऐसे में वे नामांकन पत्र दाखिल करने का अवसर खो देंगे, भले ही उनका नाम बाद में प्रकाशित होने वाली पूरक सूची में ही क्यों न आ जाए। नामांकन फॉर्म के लिए मतदाता सूची के भाग और क्रम संख्या के रूप में अपने मतदाता विवरण देना अनिवार्य है, जो वे नहीं कर पाएंगे। सलीम ने कहा कि जब निर्वाचन आयोग त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार नहीं कर सकता, तो आप उससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं?

# चुनाव घोषणा से पहले चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**❑ सैयद वकार रजा बने सिलीगुड़ी के नए सीपी, सी सुधाकर को नई जिम्मेदारी**

**❑ गृह मंत्रालय की मांग के बाद ममता सरकार ने सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्त का किया तबादला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव की हुई घोषणा से पहले राज्य सरकार ने पुलिस महकमे में फिर फेरबदल करते हुए चार और आईपीएस और एक डब्ल्यूपीएस अधिकारी का तबादला कर दिया। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हालिया उत्तर बंगाल दौरे के दौरान हुए प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुलाए गए सिलीगुड़ी कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त (सीपी) आईपीएस सी सुधाकर को दिल्ली भेजने की बजाय राज्य सरकार ने उन्हें पद से हटाकर उत्तर बंगाल के आईजी (आईबी) के पद पर तबादला कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, उनकी जगह जलपाईगुड़ी रेंज के डीआईजी आईपीएस सैयद वकार रजा को सिलीगुड़ी कमिश्नरेट का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। अधिसूचना पर 14 मार्च की तारीख है, लेकिन राज्य सरकार ने रविवार को उसे जारी किया। अधिसूचना के अनुसार, अन्य तबादलों में कोलकाता पुलिस के साउथ ईस्ट डिवीजन के उपायुक्त (डीसी) पद पर तैनात आईपीएस डा भोलानाथ पांडेय को सैयद वकार रजा की जगह जलपाईगुड़ी रेंज का डीआईजी बनाया गया है। आरएएफ बटालियन, दुर्गापुर के कमांडेंट के पद पर तैनात आईपीएस सूर्य प्रताप यादव को उनकी जगह कोलकाता पुलिस के साउथ ईस्ट डिवीजन का डीसी नियुक्त किया गया है।

## चुनाव घोषणा से पहले 27 पुलिस अधिकारियों का तबादला

**कोलकाता, समाज्ञा : विधानसभा चुनावों की औपचारिक घोषणा से कुछ घंटे पहले राज्य सरकार ने रविवार को जमीनी स्तर पर पुलिस अधिकारियों का फेरबदल किया। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 27 इंस्पेक्टरों और 12 थाने के प्रभारी अधिकारियों (आईसी) का तबादला कर दिया गया है। डायमंड हार्बर पुलिस जिले के कई इंस्पेक्टरों का तबादला कर दिया गया है। इसके अलावा, बिधाननगर, बैरकपुर और चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कई पुलिस थानों के आईसी (अधीक्षक) का भी ट्रांसफर किया गया। साथ ही, पूर्व मेदिनीपुर जिले के भी कई इंस्पेक्टरों का तबादला किया गया है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने से कुछ ही घंटे पहले राज्य पुलिस विभाग द्वारा इन परिवर्तनों के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई थी। तबादला निर्देश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संबंधित अधिकारियों को उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, जलपाईगुड़ी, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, दक्षिण दिनाजपुर और हुगली सहित विभिन्न जिलों में जल्द से जल्द अपने नए पदों पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। दूसरी तरफ, मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने तबादलों को लेकर सवाल उठाए हैं।**

# दो चरणों में शांतिपूर्ण मतदान के लिए बंगाल में तैनात होंगे दोगुने पर्यवेक्षक

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनावी प्रक्रिया तेज हो गई है। चुनाव आयोग ने अप्रैल में दो चरणों में मतदान कराने का कार्यक्रम घोषित किया है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग राज्य में लगभग साढ़े तीन सौ पर्यवेक्षकों की तैनाती करने जा रहा है। इनमें सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और व्यय संबंधी पर्यवेक्षक शामिल होंगे।

सूत्रों के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार राज्य में लगभग दोगुनी संख्या में पर्यवेक्षक भेजे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही इन पर्यवेक्षकों का राज्य में आगमन शुरू हो जाएगा।



इधर चुनाव की घोषणा के बाद आयोग सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक करने जा रहा है। सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में यह बैठक आयोजित होने वाली है, जिसमें चुनाव से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं और आचार संहिता को लेकर चर्चा की जाएगी।

जानकारी के अनुसार राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए एक-एक सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा 28 पुलिस जिलों में दो-दो पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। वहीं छह पुलिस आयुक्तालयों के लिए भी दो-दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कुछ अतिरिक्त पर्यवेक्षक भी तैनात किए जाएंगे, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर आयोग उपयोग में लाएगा।

चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के खर्च पर निगरानी रखने के लिए व्यय पर्यवेक्षकों की संख्या भी बढ़ाई गई है। आयोग के सूत्रों के अनुसार इस बार चुनाव प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के खर्च का लेखा-जोखा देखने के लिए लगभग 70 से 80 व्यय पर्यवेक्षक राज्य में तैनात किए जाएंगे।

## चुनाव में टीएमसी 250 से ज्यादा सीट जीतेगी : कुणाल घोष

**कोलकाता, समाज्ञा**

चुनावों की घोषणा को लेकर टीएमसी नेता कुणाल घोष ने दावा किया है कि बंगाल में एक बार फिर प्रदेश में टीएमसी सत्ता में लौटेगी। 2021 के विधानसभा चुनाव में जितनी सीट मिली, उससे ज्यादा सीट इस चुनाव में आएंगी। टीएमसी नेता ने कहा कि इस बार टीएमसी बंगाल चुनाव में 250 से ज्यादा सीटें जीत रही है और ममता बनर्जी 250 से ज्यादा विधायक लेकर फिर से मुख्यमंत्री बनेंगी। मीडिया से बातचीत के दौरान टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल केंद्र सरकार की बदले की राजनीति, बंगाल को वंचित करने की राजनीति, बंगाली भाषा का अपमान और बंगाल के लोगों का अपमान करने के खिलाफ वोट करेगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर भाजपा और चुनाव आयोग परेशान कर रहा है, उनके खिलाफ पश्चिम बंगाल वोट करेगा। टीएमसी नेता ने कहा कि भाजपा पिछले चुनावों की तरह ही इस चुनाव में भी हारेगी। खास बात यह है कि इस बार भाजपा बुरी तरह से हारने वाली है। टीएमसी 250 से ज्यादा सीटें जीतेगी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ली महिला की जान, एक घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले में रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा दीघा-नंदकुमार राष्ट्रीय सड़क पर फतेपुर इलाके में हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक महिला की पहचान गौरी जाना (34) के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह सुबह साइकिल से अपने काम पर जा रही थीं। उसी दौरान दीघा की ओर से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गौरी जाना की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय उनके साथ साइकिल पर सवार एक अन्य महिला भी घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को दीघा स्टेट जनरल अस्पताल में भर्ती



कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय सड़क पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस संबंध में 'अस्वाभाविक मृत्यु' का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# शुभेंदु नंदीग्राम से दोबारा चुनाव लड़ने के इच्छुक, भाजपा के कहने पर भवानीपुर से भी लड़ने को तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव नंदीग्राम सीट से लड़ना पसंद करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि भाजपा कहेगी तो वह भवानीपुर सहित अन्य निर्वाचन क्षेत्रों से भी चुनाव लड़ने को तैयार हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उम्मीदवारी पर फैसला पार्टी करेगी, लेकिन उन्होंने नंदीग्राम को अपनी पहली पसंद बताया।



शुभेंदु ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा में कोई व्यक्तिगत निर्णय नहीं होते। यह 'पिशी-भाईपो' (बुआ-भतीजे) पार्टी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा में फैसले सामूहिक रूप से लिए जाते हैं। अगर पार्टी मुझे उम्मीदवार नहीं बनाती है, तो भी ठीक है; अगर वह मुझे चुनाव लड़ने के लिए कहती है, तो भी ठीक है। हालांकि, जब उनसे उनकी व्यक्तिगत पसंद के बारे में पूछा गया, तो शुभेंदु ने कहा कि वह नंदीग्राम से फिर से चुनाव लड़ना चाहेंगे, जहां उन्होंने 2021 में मुख्यमंत्री को हराया था। उन्होंने कहा कि अगर आप मुझसे पूछेंगे तो मैं नंदीग्राम से चुनाव लड़ूंगा। लेकिन अगर भाजपा नेतृत्व मुझे कुछ और करने को कहेगा तो मैं उसका भी पालन करूंगा। नंदीग्राम मेरा राजनीतिक आधार और भावनात्मक पूंजी है। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधित्व वाले निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर से चुनाव लड़ने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर, शुभेंदु ने दोहराया कि वह पार्टी के फैसले का पालन करेंगे।

# उल्टाडांगा में हाइट बार से टकराया ट्रक, बड़ा हादसा टला, हिरासत में चालक

**कोलकाता, समाज्ञा :** उल्टाडांगा इलाके में कैनाल रोड पर एक ट्रक के हाइट बार से टकराकर उसे तोड़ते हुए आगे बढ़ जाने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना सुबह के समय होने के कारण किसी बड़े हादसे से बचाव हो गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुबह के समय एक ट्रक कैनाल रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान वाहन का हाइट बार से जोरदार टकराव हो गया, जिससे हाइट बार टूट गया और ट्रक आगे बढ़ गया। बताया जा रहा है कि सड़क पर हाइट बार भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए लगाया गया था। घटना के बाद एहतियात के तौर पर हाइट बार को अस्थायी रूप से हटा दिया गया। उल्टाडांगा क्षेत्र घनी आबादी वाला




इलाका है और इस सड़क से रोज बड़ी संख्या में लोग और वाहन गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह घटना दिन के व्यस्त समय में होती तो गंभीर हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही उल्टाडांगा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और चालक को भी हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## Tender

I, "Quotations invited for the e-tender video Ref. No.(Tender Ref. No.: CU/SNPCN/DRDO/01/2025-26 & Tender ID: 2026_CU_1020102_1), dt.10-03-2026.
For details visit: wbtenders.gov.in"

"Quotations invited for the e-tender video Ref. No.(Tender Ref. No.: CU/SNPCN/RRF/01/2025-26 & Tender ID: 2026_CU_1020090_1), dt.10-03-2026.
For details visit: wbtenders.gov.in "

# गिरिश पार्क कांड में पुलिस ने 5 और लोगों को किया गिरफ्तार, कुल 9 की गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से पूर्व तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प के मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार की देर रात चार लोगों को जबकि रविवार की सुबह पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि झड़पों के संबंध में अबतक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के समर्थकों के बीच शनिवार को मध्य कोलकाता में ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री की रैली से लगभग आधा घंटा पहले झड़प हुई थीं। आरोप है कि



इस दौरान गिरिश पार्क इलाके में मंत्री शशि पांजा के आवास पर पत्थर फेंके गए। शनिवार की रात पुलिस ने रातभर चले अभियान के बाद झड़पों के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने और चार लोगों को गिरफ्तार करने के बाद जांच शुरू कर दी, जिनमें से तीन भाजपा के सक्रिय समर्थक हैं, जिनका नाम कृषानु बोस, सनी डे और चरणजीत सिंह है। रविवार को सभी आरोपियों को बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया, जहां सभी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# रामपुरहाट में डायन के संदेह में महिला की पीट-पीटकर हत्या, पांच गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले में जादू टोना करने के आरोप में एक आदिवासी महिला की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की पहचान चुर्की हेम्ब्रम (70) के रूप में हुई है। उसने बताया कि उसपर एक भारी वस्तु और धारदार हथियार से हमला किया गया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी शिबलाल किस्कू और उसके परिवार के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर रविवार को अदालत में पेश किया गया। उन्होंने कहा कि हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। आर-



ोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

यह घटना शुक्रवार की शाम रामपुरहाट के बेलिया आदिवासी बस्ती में पीड़िता और आरोपी के बीच विवाद होने के बाद हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने गांव में अशांति फैलने से रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कारखाने की लिफ्ट में फंसे किशोर मजदूर की गिरकर मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बरानगर इलाके में एक कारखाने की लिफ्ट में फंसने के बाद बाहर निकलने की कोशिश करते समय एक किशोर मजदूर की नीचे गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना शनिवार देर रात सुभाषनगर के बंगालक्ष्मी बाजार इलाके में हुई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान आकाश देव (17) के रूप में हुई है, जो बरानगर के ए.के. मुखर्जी रोड स्थित सरदापल्ली इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि करीब दो सप्ताह पहले ही वह सुभाषनगर बंगालक्ष्मी बाजार स्थित एक गेंजी



(बनियान) कारखाने में काम करने लगा था। जानकारी के मुताबिक शनिवार को भी वह रोज की तरह काम पर गया था। शाम के समय आकाश कारखाने की लिफ्ट से ऊपर की मंजिल पर जा रहा था। इसी दौरान दूसरी और तीसरी मंजिल के बीच अचानक लिफ्ट रुक गई और वह अंदर ही फंस गया। इसी बीच अचानक लिफ्ट चल पड़ी और संतुलन बिगड़ने से आकाश ऊपर से सीधे नीचे गिर गया। गिरने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिवार ने श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। बरानगर नगर पालिका के चेयरमैन-इन-काउंसिल तथा स्थानीय तृणमूल नेता अंजन पाल ने कहा कि लिफ्ट का रखरखाव नियमित रूप से होता था या नहीं और नाबालिग को कैसे काम पर रखा गया, इसकी जांच आवश्यक है। उन्होंने निष्पक्ष जांच और आवश्यक कड़ी कार्रवाई की मांग की है तथा मृतक के परिवार के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया है।

# भाजपा ने तृणमूल पर लगाया ब्रिगेड रैली में बसों पर हमले का आरोप, सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष तापस रॉय ने राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्रिगेड पैरेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उमड़ी विशाल भीड़ को राज्य की जनता के प्रबल समर्थन का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि रैली में लोगों की स्वतःस्फूर्त भागीदारी से स्पष्ट है कि राज्य की जनता बदलाव की मांग कर रही है, और यह भावना आगामी विधानसभा चुनावों में दिखाई देगी। तापस रॉय ने आरोप लगाया कि इस भारी जनसमर्थन से तृणमूल कांग्रेस में भय और बेचैनी फैल गई है। उन्होंने दावा किया कि दूर-दराज के जिलों से समर्थकों को लाने वाली कई बसों पर हमला किया गया। बसों की खिड़कियां तोड़ी गईं, कई भाजपा कार्यकर्ता



घायल हुए और कुछ को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भाजपा का कहना है कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने बिना उकसावे के हमला किया। उन्होंने कहा कि पुलिस मौजूद होने के बावजूद स्थिति पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं किया गया। रॉय ने घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और पूरी घटना की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने का आह्वान किया। उन्होंने इसे एक 'नाटकीय स्थिति' पैदा करने की कोशिश बताया, जिससे मुद्दे को अलग दिशा में मोड़ा जा सके। उन्होंने आगे कहा कि पिछले डेढ़ दशकों में राज्य की जनता ने राजनीतिक हिंसा और भय का सामना किया है, अब वे बदलाव के लिए तैयार हैं। रॉय ने जोर दिया कि भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि राज्य की जनता की गरिमा, सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना है।

## संघर्ष टालने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती न किए जाने के मुद्दे पर भाजपा का चुनाव आयोग को पत्र

भाजपा ने रविवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि 14 मार्च को ब्रिगेड परेड मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में शामिल होने गए पार्टी कार्यकर्ताओं को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई और उनपर हमला हो गया। पार्टी ने पुलिस द्वारा केंद्रीय बलों को तैनात नहीं किए जाने को लेकर कार्रवाई की मांग की। आयोग को लिखे पत्र में भाजपा नेता शिशिर बजोरिया ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को रैली में ले जा रहीं बसों पर उत्तर कोलकाता में गिरीश पार्क के निकट पत्थर फेंके गए, जिसकी वजह से कई कार्यकर्ता घायल हो गए और उनमें से कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पत्र में, भाजपा ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों की पर्याप्त तैनाती के बावजूद, घटनास्थल पर कर्मी मौजूद नहीं थे, जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी।



# विधानसभा चुनाव : 25 साल बाद बंगाल में होगा दो चरणों में मतदान, 4 मई को आएंगे नतीजे

## 23 अप्रैल को 152 और 29 अप्रैल को 142 विधानसभा सीटों पर होंगे मतदान

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर के 60 लाख विचाराधीन मामलों पर सुनवाई के बीच रविवार को विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई। राज्य में पहली बार आगामी 23 व 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होंगे। पहले चरण में 152 व दूसरे में 142 सीटों के लिए वोट पड़ेंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस, मुख्य विपक्षी भाजपा, कांग्रेस व वाममोर्चा समेत सभी पार्टियां चुनावी मोड में आ गई हैं और अपनी-अपनी जीत का दम भी भरने लगी हैं। चूंकि, इस बार दो ही चरणों में मतदान होने हैं इसलिए अगले कुछ दिनों में ही सभी दल अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर देंगे।

❑ **चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य**

- कुल सीटें- **294**, (एससी के लिए सुरक्षित सीटें-68, एसटी के लिए सुरक्षित सीटें-16)
- बूथों की कुल संख्या- **80,719**
- 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाता- **5,23,229**
- 85 वर्ष से अधिक उम्र के कुल मतदाता- **3,78,979**
- तृतीय लिंग श्रेणी के कुल मतदाता- **1,152**
- कुल मतदाता- **6,45,61,152**
- विचाराधीन मतदाता- **60,06,375** (न्यायिक जांच के बाद पूरक मतदाता सूचियां जारी होंगी।)

■ **प्रथम चरण :** 16 जिलों की 152 सीटों पर **23 अप्रैल, 2026 को मतदान**

- अधिसूचना व नामांकन शुरू होने की तिथि-**30 मार्च, 2026**
- नामांकन की अंतिम तिथि- **06 अप्रैल, 2026**
- नामांकन की जांच- **07 अप्रैल, 2026**
- नामांकन वापसी की अंतिम तिथि- **09 अप्रैल, 2026**

■ **दूसरा चरण :** सात जिलों की 142 सीटों पर **29 अप्रैल, 2026 को मतदान**

- अधिसूचना व नामांकन शुरू होने की तिथि- **02 अप्रैल, 2026**
- नामांकन की अंतिम तिथि- **09 अप्रैल, 2026**
- नामांकन की जांच- **10 अप्रैल, 2026**
- नामांकन वापसी की अंतिम तिथि- **13 अप्रैल, 2026**

### ❑ प्रथम चरण के मतदान वाले जिले एवं सीटें एवं नाम

**कूचबिहार- 09-**
मेखलीगंज (एससी), माथाभांगा (एससी), कूचबिहार उत्तर (एससी), कूचबिहार दक्षिण, शीतलकुची (एससी), सिताई (एससी), दिनहाटा, नाटाबाड़ी, तूफानगंज

**अलीपुरद्वार- 05-**
कुमारग्राम (एसटी), कालचीनी (एसटी), अलीपुरद्वार (एससी), फालाकाटा (एससी), मदारीहाट (एसटी)

**जलपाईगुड़ी- 07-**
धुपगुड़ी (एससी), मैनागुड़ी (एससी), जलपाईगुड़ी (एससी), राजगंज (एससी), डाबग्राम-फूलबाड़ी, माल (एसटी), नागराकाटा (एसटी)

**कलिंपोंग- 01-**
कलिम्पोंग

**दार्जिलिंग- 05-**
दार्जिलिंग, कर्सियांग, माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी, सिलीगुड़ी, फांसीदेवा (एसटी)

**उत्तर दिनाजपुर- 09-**
चोपड़ा, इस्लामपुर, गोआलपोखर, चाकुलिया, करनदिघी, हेमताबाद (एससी), कालियागंज (एससी), रायगंज, इटाहार

**दक्षिण दिनाजपुर- 06-**
कुशमंडी (एससी), कुमारगंज, बालुरघाट, तपन (एसटी), गंगारामपुर (एससी), हरिरामपुर

**मालदह- 12-**
हबीबपुर (एसटी), गाजोल (एससी), चंचल, हरिश्चंद्रपुर, मालतीपुर, रतुआ, मानिकचक, मालदा (एससी), इंग्लिश बाजार, मोथाबाड़ी, सुजापुर, बैष्णबनगर

**मुर्शिदाबाद- 22-**
फरक्का, शमसेरगंज, सुती, जंगीपुर, रघुनाथगंज, सागरदिघी, लालगोला, भगवानगोला, रानीनगर, मुर्शिदाबाद, नवग्राम (एससी), खड़ग्राम (एससी), बुरवान (एससी), कांदी, भरतपुर, रेजिनगर, बेलडांगा, बरहामपुर, हरिहरपाड़ा, नोउदा, डोमकल, जलंगी

**बीरभूम- 11-**
दुबराजपुर (एससी), सिउड़ी, बोलपुर, नानूर (एससी), लाभपुर, सैंथिया (एससी), मयूरेश्वर, रामपुरहाट, हंसन, नलहाटी, मुरारई

**पश्चिम बर्दवान- 09-**
पांडवेश्वर, दुर्गापुर पूर्व, दुर्गापुर पश्चिम, रानीगंज, जामुड़िया, आसनसोल दक्षिण, आसनसोल उत्तर, कुल्टी, बाराबनी

**पूर्व मेदिनीपुर- 16-**
तमलुक, पांशकुड़ा पूर्व, पांशकुड़ा पश्चिम, मोयना, नंदकुमार, महिषादल, हल्दिया, नंदीग्राम, चंडीपुर, पटाशपुर, कांथी उत्तर, भगवानपुर, खेजुरी, कांथी दक्षिण, रामनगर, एगरा,

**पश्चिम मेदिनीपुर- 15-**
दांतन, केशियाड़ी (एसटी), खड़गपुर सदर, नारायणगढ़, सबंग, पिंगला, खड़गपुर, डेबरा, दासपुर, घटाल (एससी), चंद्रकोणा (एससी), गड़बेता, शालबनी, केशपुर (एससी), मेदिनीपुर

**झाड़ग्राम- 04-**
नयाग्राम (एसटी), गोपीबल्लभपुर, झाड़ग्राम, बिनपुर (एसटी)

**पुरुलिया- 09-**
बंदोवान (एसटी), बलरामपुर, बाघमुंडी, जॉयपुर, पुरुलिया, मानबाजार (एसटी), काशीपुर, पारा (एससी), रघुनाथपुर (एससी)

**बांकुड़ा- 12-**
शालतोड़ा (एससी), छतना, रानीबांध (एसटी), रायपुर (एसटी), तलडांगरा, बांकुड़ा, बड़जोड़ा, ओंदा, बिष्णुपुर, कोतुलपुर (एससी), इंदस (एससी), सोनामुखी (एससी)

### ❑ दूसरे चरण के मतदान वाले जिले एवं सीटें

**कोलकाता- 11-**
कस्बा, जादवपुर, टॉलीगंज, बेहाला पूर्व, बेहाला पश्चिम, कोलकाता पोर्ट, भवानीपुर, रासबिहारी, बालीगंज, चौरंगी, इंटाली, बेलेघाटा, जोड़ासांको, श्यामपुकुर, मानिकतला, काशीपुर-बेलगछिया

**उत्तर 24 परगना- 33-**
बागदा, बनगांव उत्तर (एससी), बनगांव दक्षिण (एससी), गायघाटा (एससी), स्वरूपनगर (एससी), बादुरिया, हाबरा, अशोकनगर, आमडांगा, बीजपुर, नैहाटी, भाटपाड़ा, जगद्दल, नोआपाड़ा, बैरकपुर, खड़दह, दमदम उत्तर, पानीहाटी, कमरहट्टी, बारानगर, दमदम, राजारहाट-न्यूटाउन, बिधाननगर, राजारहाट-गोपालपुर, मध्यमग्राम, बारासात, देगंगा, हरोआ, मिनाखां (एससी), संदेशखाली (एसटी), बसीरहाट दक्षिण, बसीरहाट उत्तर, हिंगलगंज (एससी)

**दक्षिण 24 परगना- 31-**
गोसाबा (एससी), बासंती (एससी), कुलतली (एससी), पाथरप्रतिमा, काकद्वीप, सागर, कुलपी, रायदिघी, मंदिरबाजार (एससी), जॉयनगर (एससी), बारुईपुर पूर्व (एससी), कैनिंग पश्चिम (एससी), कैनिंग पूर्व, बारुईपुर पश्चिम, मगराहाट पूर्व(एससी), मगराहाट पश्चिम, डायमंड हार्बर, फलता, सतगछिया, बिष्णुपुर (एससी), सोनारपुर दक्षिण, भांगड़

**हावड़ा- 16-**
बाली, हावड़ा उत्तर, हावड़ा मध्य, शिवपुर, हावड़ा दक्षिण, संकराइल (एससी), पांचला, उलुबेरिया पूर्व, उलुबेरिया उत्तर (एससी), उलुबेरिया दक्षिण, श्यामपुर, बागनान, आमता, उदयनारायणपुर, जगतबल्लभपुर, डोमजुर

**हुगली- 18-**
उत्तरपाड़ा, श्रीरामपुर, चांपदानी, सिंगुर, चंदननगर, चुंचुड़ा, बालागढ़ (एससी), पांडुआ, सप्तग्राम, चंडीतला, जंगीपाड़ा, हरिपाल, धनियाखाली (एससी), तारकेश्वर, पुरशुरा, आरामबाग (एससी), गोघाट (एससी), खानाकुल

**नदिया- 17-**
करीमपुर, तेहट्टा, पलाशीपारा, कालीगंज, नकाशीपाड़ा, छपरा, कृष्णानगर उत्तर, नवद्वीप, कृष्णानगर दक्षिण, शांतिपुर, राणाघाट नॉर्थ वेस्ट, कृष्णगंज (एससी), राणाघाट नॉर्थ ईस्ट (एससी), राणाघाट साउथ (एससी), चकदाह, कल्याणी (एससी), हरिणघाटा (एससी)

**पूर्व बर्दवान- 16-**
खंडघोष (एससी), बर्दवान दक्षिण, रायना (एससी), जमालपुर (एससी), मोंटेश्वर, कालना (एससी), मेमारी, बर्दवान उत्तर (एससी), भतार, पूर्वस्थली दक्षिण, पूर्वस्थली उत्तर, कटवा, केतुग्राम, मंगलकोट, आउषग्राम (एससी), गलसी (एससी)


केंद्रीय बलों का रूट मार्च

# पश्चिम बंगाल में चौथी बार सीएम बन सकती हैं ममता, भाजपा को भी बड़ी बढ़त

## आईएएनएस-मैटराइज के ओपिनियन पोल का अनुमान




**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने के लिए किसी भी राजनीतिक दल या गठबंधन को कुल 294 सीटों में से कम से कम 148 सीटों की आवश्यकता होती है। यह सदन की कुल सदस्य संख्या का आधा से एक अधिक है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान होने के साथ ही आईएएनएस-मैटराइज का ओपिनियन पोल भी आ गया है। ओपिनियन पोल में राज्य में किसके सिर पर सत्ता का ताज सजेगा, इसको लेकर राज्य की जनता की राय ली गई है। ओपिनियन पोल के मुताबिक, राज्य में लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के सत्ता पर काबिज होने का अनुमान जताया गया है। वहीं, भाजपा के पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार ज्यादा सीटें जीतने के आसार ओपिनियन पोल में जताए गए हैं। ओपिनियन पोल के अनुसार, राज्य की 294 सीटों में से ममता बनर्जी की टीएमसी के 155 से 170 सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा, भाजपा के 100 से 115 सीटें जीतने का दावा इस पोल में किया गया है। वहीं, अन्य के खाते में 5 से 7 सीटें आ सकती हैं। ओपिनियन पोल में टीएमसी को 43-45 प्रतिशत वोट शेयर मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके साथ ही एनडीए के 41-43 प्रतिशत और अन्य को 13 से 15 प्रतिशत वोट शेयर मिलने की उम्मीद जताई गई है।

## आयकर संघति ट्रस्ट और उत्कर्ष आरोहण के संयुक्त पहल से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पंचसायार क्षेत्र में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयकर संघति ट्रस्ट और उत्कर्ष आरोहण के संयुक्त पहल तथा संतोषपुर स्थित आरोग्य सदन के सहयोग से इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में इलाके के अनेक लोगों ने आकर स्वास्थ्य जांच कराई। सामान्य रोगों के उपचार के साथ-साथ बाल रोग, अस्थि रोग, स्नायु रोग, चर्म रोग, नाक-कान-गला संबंधी समस्याएं, हृदय रोग तथा नेत्र रोग सहित विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहकर मरीजों की जांच करते हैं। चिकित्सकों की सलाह के अनुसार आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए और मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं।

## एक्सिस बैंक और इंडिगो ने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किए

**कोलकाता :** एक्सिस बैंक और भारत की पसंदीदा एयरलाइन, इंडिगो ने भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए 'को-ब्रांडेड' क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए साझेदारी की है। ये कार्ड दो वेरिएंट्स - 'इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड' और 'इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड' में उपलब्ध हैं। दोनों कार्ड को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहक इंडिगो के लॉयल्टी प्रोग्राम 'इंडिगोब्लूचिप' के माध्यम से अपने खर्च पर रिवॉर्ड कमा सकें। लॉन्च के अवसर पर, एक्सिस बैंक में प्रेसिडेंट और हैड - कार्ड्स, पेमेंट्स एंड वेल्थ मैनेजमेंट, अर्निका दीक्षित ने कहा, हमें इंडिगो के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह बैंकिंग और यात्रा सेवाओं का बेहतरीन मेल है, जो हमारे ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाएगा। इंडिगो के चीफ डिजिटल एंड इंफॉर्मेशन ऑफिसर नीतन चोपड़ा ने कहा, इंडिगो अपने ग्राहकों, खासकर वफादार फ्रीक्वेंट फ्लायर्स, के लिए लगातार बेहतर मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। एक्सिस बैंक के साथ हमारी साझेदारी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड के लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, एनपीसीआई की कार्यकारी निदेशक, सोहिनी राजोला ने कहा, एनपीसीआई का ध्यान हमेशा उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित, स्केलेबल और सुविधाजनक डिजिटल भुगतान अनुभव सक्षम करने पर रहा है। भारत में वीसा के कंट्री मैनेजर ऋषि छाबड़ा ने कहा, आज के भारतीय उपभोक्ता केवल लेनदेन नहीं, बल्कि ऐसे अनुभव चाहते हैं जो उनकी आकांक्षाओं और जीवनशैली को दर्शाएं।

# विचार मंच ने विविध क्षेत्रों की विभूतियों को किया सम्मानित, ऊषा ऊथुप को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड






**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की विशिष्ट सांस्कृतिक संस्था विचार मंच द्वारा एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी (न्यूटाउन) में आयोजित एक सम्मान समारोह में विविध क्षेत्र की विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात उद्योगपति एवं समाजसेवी हरिप्रसाद बुधिया ने इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे समारोह समाज और समाज के लोगों को अनुप्रेरित करते हैं। इन्होंने कहा कि समर्पित विभूतियों का सम्मान, समाज के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है। इससे नई पीढ़ी को अवश्य ही कुछ नयी सीख मिलेगी।

सम्मानित साधकों की सम्मान श्रृंखला में सोहनलाल दुगड़ भामाशाह सम्मान स्व. सोहनलाल सिंघवी को, सरदारमल कांकरिया लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड ऊषा ऊथुप को, कर्मयोगी सम्मान जशवंत सिंह मेहता को, कन्हैयालाल सेठिया साहित्य सम्मान मोनिका गौड़ को, रविंद्र जैन संगीत साधना सम्मान मारुति मोहता को, किसनलाल कांकरिया शौर्य सम्मान पियाली वसाक को, कन्हैयालाल मालू विद्यालय गौरव सम्मान आर्दश अग्रवाल को, ब्राह्मी कला सम्मान अभिजीत महतो को तथा अनुपमा सम्मान अनवी डागा को प्रदान किया गया। गणमान्य सम्मनित विभूतियों को मुक्ताहार, शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तृषा भंसाली के मंगलाचरण तथा अनवी डागा द्वारा प्रस्तुत नृत्य से हुआ। विचार मंच के संयुक्त सचिव डॉ. तारा दुगर ने स्वागत भाषण देते हुए विचार मंच की सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी एवं सम्मानित विभूतियों का स्वागत किया। समारोह का कुशल संचालन किया सुमिता कौशिक ने तथा संस्था के उपाध्यक्ष डॉ प्रेमशंकर त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कोलकाता एवं हावड़ा के समाजसेवी, साहित्यकार, पत्रकार बंधुओं के अलावा अध्यक्ष सरदारमल कांकरिया, संरक्षक पन्नालाल कोचर, संरक्षक सुरेंद्र बांठिया, संरक्षक आर.के. बोथरा, उपाध्यक्ष पद्मचंद नाहटा, विनोद मिन्नी, विनोद कांकरिया, अशोक मिन्नी, ललित कांकरिया, जयदीप पटवा, अरुण मालू, राजेंद्र रामपुरिया, जय बोथरा, मनोज बोथरा, अशोक बोथरा, पद्मा मिन्नी, शशि कांकरिया, सोनल चोरारीया, तृषा भंसाली भी उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने में किशोर गेनरी, हनुमान नाहटा एवं अन्य पदाधिकारी का सक्रिय योगदान रहा।

# हावड़ा में उत्साह के साथ मनाया गया मां गवरजा का बनौला





**कोलकाता/हावड़ा :** नापासर निवासी (म्हारी बाखल) गोपी किशन मुंधड़ा के निवास पर मां गवरजा का बनौला उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लेकर राजस्थानी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर बिमला, लक्ष्मी, दुर्गा, पिंकी, कोमल, माही, रश्मी मुंधड़ा, संतोष, कांता, नीतू, ममता, संतोष सादानी सहित अनेक युवा साथियों ने पारंपरिक गीतों के माध्यम से मां गवरजा की स्तुति कर माहौल को भक्तिमय बना दिया और राजस्थानी संस्कृति में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मी मुंधड़ा ने सभी गणगौरों की खोल भराई कर भोग अर्पित करते हुए उनका स्वागत किया। वहीं, मनीष और हरीश ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बहनों, बेटियों और बहुओं का अल्पाहार और ठंडाई के साथ आत्मीय स्वागत किया। इस पूरे आयोजन में श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला।

# सियालदह मंडल ने रातभर में पूरे किए कई अहम रेल विकास कार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने बारुईपुर-डायमंड हार्बर रेलखंड में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 14-15 मार्च की रात कई महत्वपूर्ण विकास और रखरखाव कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए। इन कार्यों का उद्देश्य रेल संचालन को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुचारु बनाना है। इस दौरान पुल संख्या एस/34 के पास 10 प्रीकास्ट आरसीसी बॉक्स लगाकर एक अतिरिक्त जलमार्ग का निर्माण किया गया। पश्चिम बंगाल सरकार के लिए 'डिपॉजिट वर्क' के रूप में किए गए इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य आदगंगा जलग्रहण क्षेत्र की जल निकासी क्षमता बढ़ाना है। इससे सोनारपुर और बारुईपुर नगर पालिका क्षेत्रों के साथ-साथ सूरजपुर तक के आसपास के इलाकों में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद है। साथ ही इससे रेलवे ट्रैक की स्थिरता और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।



इसके अलावा, मगराहाट स्टेशन पर 3 मीटर चौड़े नए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। इस कार्य के तहत 21.75 मीटर के तीन और 12.64 मीटर के तीन गर्डर स्थापित किए गए, जिससे यात्रियों को ट्रैक पार करने का अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध हो गया है। रेल पटरियों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कई तकनीकी रखरखाव कार्य भी किए गए। इनमें तीन विशेष टीमों द्वारा 32 वेल्डिंग कार्य, मगराहाट में नया स्विच एक्सपेंशन जॉइंट लगाना तथा रेल टेंसर की सहायता से 1772 मीटर रेल की डी-स्ट्रेसिंग शामिल है। इसके अतिरिक्त, डायमंड हार्बर प्लेटफॉर्म क्षेत्र में 377 ट्रैक मीटर की गहरी सफाई के लिए बैलास्ट क्लीनिंग मशीन का उपयोग किया गया। बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए अप लाइन पर लगभग 1000 मीटर कॉन्टैक्ट वायर बदले गए, जबकि होटार और बारुईपुर सेक्शन के बीच करीब 750 मीटर पुराने तारों को भी बदला गया। ये सभी कार्य मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना की देखरेख और पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के मार्गदर्शन में पूरे किए गए। रेलवे के अनुसार, ऐसे प्रयास रेल नेटवर्क को मजबूत बनाने और यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# विधानसभा चुनाव 2026: हावड़ा जिले में 29 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

**हावड़ा, समाज्ञा :** भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके साथ ही हावड़ा जिले में भी चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार जिले के 169 बाली एसी से 184 डोमजूर एसी विधानसभा क्षेत्र तक मतदान 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 2 अप्रैल 2026 को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच 10 अप्रैल तथा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल निर्धारित की गई है। चुनाव प्रक्रिया 6 मई 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। हावड़ा जिले में कुल 16 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें बाली, हावड़ा उत्तर, हावड़ा मध्य, शिवपुर, हावड़ा दक्षिण, संकराइल (एससी), पांचला, उलुबेड़िया पूर्व, उलुबेड़िया उत्तर (एससी), उलुबेड़िया दक्षिण, श्यामपुर, बागनान, आमता, उदयनारायणपुर, जगतबल्लभपुर और डोमजूर शामिल हैं। मतदाता आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 33,90,070 मतदाता हैं। इनमें 17,32,898 पुरुष, 16,57,094 महिला और 78 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा 1,783 सेवा मतदाता भी हैं। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 19,338 मतदाता, 15,367 दिव्यांग मतदाता तथा 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 29,125 नए मतदाता पंजीकृत हैं।



चुनाव के लिए जिले में 4,395 मुख्य मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 123 सहायक मतदान केंद्र प्रस्तावित हैं। इनमें 1,430 शहरी और 2,965 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं। कुल 2,436 मतदान केंद्र स्थान निर्धारित किए गए हैं। जिले में कुल 564 शहरी मतदान केंद्र स्थान तथा 1872 ग्रामीण मतदान केंद्र स्थान निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मॉडल मतदान केंद्र भी बनाया जाएगा।

निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। 85 वर्ष से अधिक आयु और दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई है। मतदाता जागरूकता, सहायता और शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा अन्य आईटी प्लेटफॉर्म सक्रिय कर दिए गए हैं। चुनाव खर्च की निगरानी के लिए फ्लाइंग स्कॉड, स्टैटिक सर्विलांस टीम और वीडियो निगरानी टीमों का गठन किया गया है। मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति भी सक्रिय रहेगी, जो चुनाव के दौरान मीडिया और सोशल मीडिया पर नजर रखेगी ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।



बिग्रेड मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशाल जनसभा में उत्तर प्रदेश के बिजनौर के सांसद डॉ. भोला सिंह बरगुजर (खटिक), उत्तर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री जै. पी. राठौर व कैया घोष के साथ उपस्थित रहे।

## रसोई गैस की मूल्यवृद्धि एवं कालाबाजारी के खिलाफ विक्षोभ सभा एवं डेपुटेशन



**हावड़ा, समाज्ञा :** रसोई गैस की मूल्यवृद्धि एवं कालाबाजारी के खिलाफ पश्चिम बंग बस्ती उन्नयन समिति एवं सीआईटीयू दक्षिण पूर्व हावड़ा लोकल कमेटी के तरफ से एक विक्षोभ सभा एवं डेपुटेशन अरूप इंटरप्राइजेज इंडियन गैस एजेंसी (श्रीअपार्टमेंट) शिवपुर हावड़ा के सामने आयोजित किया गया। इस विक्षोभ सभा को पश्चिम बंग बस्ती उन्नयन समिति हावड़ा जिला कमेटी सहसभापति शैलेन्द्र कुमार राय, हावड़ा जिला कमेटी सभापति सुब्रत चक्रवर्ती, लोकल कमेटी सचिव राशिक अहमद, हावड़ा जिला कमेटी कोषाध्यक्ष सुजय चक्रवर्ती, सीआईटीयू नेता हराधन भट्टाचार्य, अयूब आलम ने संबोधित किया।

## चुनाव घोषणा के साथ हुगली में तैयारियां तेज, 29 अप्रैल को मतदान

**हुगली :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की घोषणा के साथ ही हुगली जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिले में चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार 2 अप्रैल 2026 को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी, जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 10 अप्रैल को होगी और 13 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। जिले में मतदान 29 अप्रैल को कराया जाएगा, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 6 मई 2026 तक पूरी कर ली जाएगी।



जिले में कुल 18 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें 14 सामान्य और 4 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। चुनाव के लिए कुल 5238 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और इनके संचालन के लिए 427 सेक्टर बनाए गए हैं। मतदाता आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 44 लाख 40 हजार 293 मतदाता हैं। इनमें 22 लाख 36 हजार 413 पुरुष, 22 लाख 3 हजार 787 महिला और 93 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा 4623 सेवा मतदाता भी हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए 24 हजार 472 मतदान कर्मियों की आवश्यकता है, जबकि प्रशासन के पास 40 हजार 631 कर्मी उपलब्ध हैं। जिले में 1000 ऐसे मतदान केंद्र भी होंगे, जहां महिला मतदान कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

चुनाव की घोषणा के बाद प्रशासन ने पहले 72 घंटों के भीतर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लाइसेंस प्राप्त हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और नए हथियार लाइसेंस जारी करने पर भी रोक लगा दी गई है। अब तक 766 हथियार जमा कराए जा चुके हैं। इसके साथ ही चुनाव खर्च की निगरानी के लिए विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। शिकायतों के समाधान के लिए जिला कॉल सेंटर और हेल्पलाइन नंबर 1950 को 24 घंटे के लिए चालू कर दिया गया है। वहीं, चुनाव से संबंधित निगरानी के लिए मीडिया सेंटर और एमसीएमसी समिति भी सक्रिय कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि सभी विभागों को चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराया जा सके।

## कोलकाता में 'कनेक्शन्स' मीट संपन्न, इमका बंगाल चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन




**कोलकाता, समाज्ञा :** आईआईएमसी (भारतीय जनसंचार संस्थान) एलुमनी एसोसिएशन (इमका) के पश्चिम बंगाल चैप्टर का सालाना कार्यक्रम 'कनेक्शन्स' रविवार को कोलकाता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भारतीय जनसंचार संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राएं राज्य के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे। वार्षिक समारोह के दौरान पश्चिम बंगाल चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से ध्रुवज्योति पाल को अध्यक्ष, प्रमोद कुमार को उपाध्यक्ष, कावेरी कुमार को महासचिव, अमरीन इजहार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सैकत सरकार, पियाली चटर्जी और अभिरूप वसु को सचिव तथा अनिंदिता आचार्या, निवेदिता घोष और रिद्धिमान साहा को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। राज्य सरकार के परिवहन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. सौमित्र मोहन, इमका के पूर्व अध्यक्ष प्रसाद सान्याल समेत अन्य लोगों ने समारोह को संबोधित किया।

## मालदह में न्यायिक हिरासत में कैदी की मौत को लेकर थाने के बाहर प्रदर्शन

**मालदह :** जिले के रतुआ थाना क्षेत्र में न्यायिक हिरासत के दौरान एक कैदी की मौत को लेकर शनिवार की रात तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों ने शव को थाने के सामने रखकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। मृतक की पहचान भोला मंडल (55) के रूप में हुई है, जो रतुआ थाना क्षेत्र के भादो ग्राम पंचायत इलाके का निवासी था। जानकारी के अनुसार, गत 9 फरवरी को भादो इलाके में सेताबुद्दीन नामक एक व्यवसायी को आम बागान से गंभीर रूप से घायल अवस्था में बरामद किया गया था, जिसकी बाद में अस्प-ताल में मौत हो गई। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने भोला मंडल समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था। पहले उसे चांचल सुधार गृह में रखा गया था और बाद में मालदह जिला सुधार गृह में स्थानांतरित किया गया।

परिवार के अनुसार, गत 11 मार्च को भोला मंडल को अचानक सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। इसके बाद, सुधार गृह प्रशासन ने उसे मालदह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पुलिस निगरानी में उसका इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान शनिवार के तड़के उसकी मौत हो गई। शव परिजनों को सौंपे जाने के बाद रात में परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग रतुआ थाने के सामने पहुंच गए और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई और उन्होंने थाने के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 131 पर बैठकर सड़क जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के साथ केंद्रीय बल को भी तैनात किया गया। काफी मशक्कत के बाद हालात सामान्य हुए और परिजन शव को लेकर वहां से चले गए।

## यूजीसी बिल के विरोध में बैठक आयोजित



**हावड़ा, समाज्ञा :** आज लिलुआ स्थित आन्दोलन आश्रम में सवर्ण समाज के लोगों की एक बैठक यूजीसी बिल 2026 के द्वारा लागू किए गए काला कानून के विरोध हेतु एक संस्था के स्थापना के उद्देश्य से किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षत्रिय जन सेवा समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया, जबकि संचालन भूमिहार एकता मंच पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्र ने किया गया। कार्यक्रम मे आगन्तुक साथियो का स्वागत ब्राम्हण समाज हावडा के अध्यक्ष अभय झा और चित्रांश वेलफेयर ट्रस्ट (कायस्थ समाज) के कोषाध्यक्ष नवीन कमार निश्चल ने किया। कार्यक्रम मे भूमिहार एकता मंच पश्चिम बंगाल के संयोजक जितेंद्र नाथ राय, राकेश राय, रविन्द्र कुँअर, चन्द्रशेखर सिंह, उमेश सिंह, भोजपुरिया क्षत्रिय समाज के राम विनोद सिंह, नीरज सिंह, संतोष कुमार सिंह, महंगू सिंह, विजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय युवा ब्राह्मण महासंघ के चेयरमैन तारकेश्वर दूबे, सर्वेश तिवारी, शिवम कुमार दूबे, केशव कुमार झा के द्वारा यूजीसी बिल 2026 का घोर निन्दा करते हुए पुरजोर विरोध करने का अह्वान किया गया।

## जायसवाल संरक्षक संघ, कोलकाता की 7वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित




**हावड़ा :** जायसवाल संरक्षक संघ, कोलकाता की 7वीं वार्षिक साधारण सभा हावड़ा स्थित संगम बैंक्वेट में आयोजित हुई। सभा में संस्था से संबंधित कार्यक्रमों और लेखा-जोखा का विवरण उपस्थित सदस्यों के बीच प्रस्तुत किया गया। सभा की अध्यक्षता उमाशंकर जायसवाल जी ने की। सभा में शंभूनाथ जी, रामसूरत जी, रतन चौधरी जी, दीपक जी, द्वारका जी, ध्रुवचंद जी, भागवत दास जी, सरोज जी, विजय जी, सीताराम जी और दिलीप जी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। वार्षिक सम्मेलन को सफल बनाने में राजीव जी, हरिश्चंद्र जी, राजेश जी, प्रभात जी, रिकी जी, संतोष जी, विकास जी, पूजिता जी, रीता जी, पूजा जी, मनोज जी, रिंकू जी, नारायणी जी, सुरेश जी, संजय जी, राजीव जी, धीरज जी, नवीन जी, आशीष जी, उमेश जी, दीपचंद जी, प्रभाकर जी और अन्य सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

## समाजसेवी शशिकांत शर्मा की माता के निधन पर बड़ाबाजार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** समाजसेवी एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से जुड़े शशिकांत शर्मा की माता का गत 11 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। बड़ाबाजार स्थित बाबूलाल धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें दिनेश बजाज (पूर्व विधायक), राजकुमार शर्मा, रमेश लखोटिया, जय गोविंद इंदौरिया, सज्जन बंसल, अनिल सिंह, अशोक ओझा, हरि सोनी, अभिषेक आशोपा, सुरेंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम पाठक, संजय बैद, बिमल शर्मा, मनोज चिंडालिया, मुन्नू मिश्रा, अशोक सारस्वत, आदित्य गोस्वामी, अमित गोस्वामी, बबलू शर्मा, संजय शर्मा, लालू मिश्रा, रविकांत मिश्रा, सज्जन शर्मा, सचिन शर्मा, उमेश सिंह, मिक्की सारस्वत, गोकुल पाठक, पवन नाहटा, केदार ग्वालेवाला, डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. आर. के. सिंह, संजीव राठी, पुष्पक मुखर्जी, मनोज ओझा, रमेश सारस्वत, संजय ओझा, मनीष दवे, नागेश जोशी, किशन बदर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। परिवार की ओर से विजय शर्मा, संजय शर्मा, अनिल शर्मा, आनंद शर्मा, संजीव शर्मा, प्रमोद शर्मा, गौरव शर्मा और सचिन शर्मा उपस्थित रहे।



## कोलकाता में 46वां पीएसपीबी इंटर-यूनिट गोल्फ टूर्नामेंट संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** 46वां पीएसपीबी इंटर-यूनिट गोल्फ टूर्नामेंट 2025-26 कोलकाता के प्रतिष्ठित रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब में संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट की मेजबानी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने की, जिसमें पेट्रोलियम क्षेत्र की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले गोल्फरों ने उत्साह के साथ भाग लिया। समापन समारोह में श्री पुष्कर, जोनल सीजीएम, कोलकाता; सबीना चौधरी, सदस्य सचिव (पीएसपीबी); तथा सुनील कुमार मीना, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर), गेल (इंडिया) लिमिटेड उपस्थित रहे। उन्होंने संयुक्त रूप से व्यक्तिगत वर्ग के विजेताओं और टीम ट्रॉफी प्राप्तकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए। व्यक्तिगत श्रेणी में ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) की गुंतास कौर संधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 'बेस्ट गोल्फर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब अपने नाम किया। टीम चैंपियनशिप (एनईटीटी) श्रेणी में टीम इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की टीम उपविजेता रही, जबकि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं, टीम चैंपियनशिप (ग्रॉस) श्रेणी में टीम ओआईएल-बी दूसरे रनर-अप के रूप में रही, टीम गेल ने रनर-अप स्थान प्राप्त किया, जबकि टीम ओआईएल-ए टीम विजेता बनकर उभरी।



## पूर्व रेलवे की बड़ी उपलब्धि: हावड़ा-वर्दवान-चोटाम्बना खंड पर शुरू हुआ 'कवच 4.0'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेल सुरक्षा और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए हावड़ा-वर्दवान-चोटाम्बना खंड पर स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच वर्जन 4.0 का सफलतापूर्वक संचालन शुरू कर दिया है। लगभग 260 किमी लंबे इस खंड का संबंध हावड़ा-नई दिल्ली हाई डेंसिटी रूट से है और यह हावड़ा तथा आसनसोल मंडलों के अंतर्गत आता है।

भारतीय रेल द्वारा विकसित यह प्रणाली ट्रेन संचालन को अधिक सुरक्षित, स्मार्ट और विश्वसनीय बनाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। कवच एक स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है, जिसे रिसर्च डिजाइन्स एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने विकसित किया है। इसका उद्देश्य रेल नेटवर्क पर शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल करना है।

यह अत्याधुनिक प्रणाली ट्रैक पर लगाए गए आरएफआईडी टैग, संचार टावरों और ट्रेन में लगे उपकरणों के माध्यम से ट्रेनों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखती है। यदि लोको पायलट किसी कारण से लाल सिग्नल पार करने की स्थिति में ब्रेक नहीं लगाता, तो यह प्रणाली स्वतः ब्रेक लगाकर संभावित दुर्घटना को रोक देती है। साथ ही यह लोको पायलट को इन-कैब सिग्नलिंग की सुविधा भी देती है, जो तेज गति या कोहरे के दौरान सुरक्षित संचालन में मदद करती है।

परियोजना की शुरुआत जुलाई 2022 में हुई थी और वर्दवान-चोटाम्बना खंड के चालू होने के साथ इसका अंतिम चरण पूरा हो गया। इस परियोजना के तहत पश्चिम बंगाल में 229 रूट किमी और झारखंड में 31 रूट किमी रेल मार्ग को इस सुरक्षा नेटवर्क से जोड़ा गया है। इसके अलावा 47 स्टेशन, 13 लेवल क्रॉसिंग गेट, 7,897 आरएफआईडी टैग और 60 संचार टावर इस प्रणाली से जुड़े हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कवच प्रणाली के लागू होने से व्यस्त रेल मार्गों पर सुरक्षा स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और भविष्य में 160 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रेनों के संचालन का मार्ग भी और अधिक सुरक्षित बनेगा।

## गाजीपुर फ्रेंड्स क्लब का इफ्तार पार्टी संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा**

गाजीपुर फ्रेंड्स क्लब का इफ्तार पार्टी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम ब्राबोर्न रोड स्थित हल्दीराम प्रभुजी के पास आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नयना बंद्योपाध्याय, पार्षद महेश शर्मा, पार्षद शमीमा रेहान खान, प्रकाश दुग्गड़, राजीव राय, श्यामनारायण सिंह (बंगाली), दारा सिंह, उमाशंकर प्रसाद, विकास शर्मा, अयाज अहमद खान, रतन बनिक, संजीत साव, असलम हुसैन, रविशंकर पांडेय, संतोष सिंह, औरंगजेब नासिर, आदिल लिलिधर, फैयाज अहमद, तारिक चौहान सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। यह जानकारी अनीस सिद्दीकी एवं मोहम्मद आफताब ने दी।

# राज्यों की खबरें

## पंजाब: पाकिस्तानी तस्करों से जुड़े छह लोग गिरफ्तार, हथियार और 3.5 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**चंडीगढ़ :** सीमा पार से हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो अलग-अलग गिरोहों का कथित तौर पर हिस्सा होने के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के संबंध पाकिस्तानी तस्करों से थे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने अमृतसर में एक मामले में छह अत्याधुनिक पिस्तौल और 60 कारतूस बरामद किए जबकि दूसरे मामले में 3.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान करण सिंह (26), गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (22), राकेश उर्फ केशू (26) और चमकोर सिंह उर्फ चमकोर (23) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि ये चारों तरनतारन के खेमकरण के रहने वाले हैं जबकि गिरफ्तार किए गए दो अन्य आरोपियों की पहचान अमृतसर के नाग कलां निवासी मखंदीन उर्फ मक्खन (22) और अमृतसर के मुल्लेचक गांव के रहने वाले जसबीर सिंह उर्फ बीरा उर्फ रघु (19) के रूप में हुई है। बरामद हथियारों में तुर्किये निर्मित तीन पिस्तौल, दो .30 बोर पिस्तौल और नौ एमएम की एक पिस्तौल के साथ 60 कारतूस शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि खास बात यह है कि तुर्किये निर्मित पिस्तौल बाजार में आई एकदम नए तरीके की पिस्तौल है और इनकी बरामदगी दुर्लभ है। यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि गिरफ्तार व्यक्तियों के संबंध पाकिस्तानी तस्करों से हैं, जो ड्रोन का उपयोग कर भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी में मदद कर रहे थे। पुलिस ने इसी तरह के एक अन्य मामले में राकेश और चमकोर सिंह नाम के लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 200 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर 800 ग्राम अतिरिक्त मादक पदार्थ बरामद किया गया।

## बिरला ने नेताओं को पत्र लिखकर सदन में बैनर, तख्तियां दिखाने और अन्य व्यवहार पर चिंता व्यक्त की

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कुछ सांसदों द्वारा सदन के अंदर बैनर, तख्तियां, पोस्टर दिखाने और आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से अपने सदस्यों के बीच अनुशासन और उच्च नैतिक आचरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। लोकसभा में प्रतिनिधित्व रखने वाले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को लिखे पत्र में, बिरला ने कहा कि सदन की हमेशा से गरिमापूर्ण चर्चा और संवाद की गौरवशाली परंपरा रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से, देश के संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और प्रतिष्ठा को कुछ सदस्यों द्वारा-सदन के भीतर और बाहर, तथा संसद परिसर के भीतर-कमजोर किया जा रहा है। बिरला ने कहा, जिस तरह से बैनर, तख्तियां और पोस्टर प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है और सदन व संसद भवन परिसर के अंदर जिस तरह का आचरण और व्यवहार प्रदर्शित किया जा रहा है, वह हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने हिंदी में लिखे पत्र में कहा, हम सभी को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से इस स्थिति पर गंभीरता से विचार-विमर्श और विश्लेषण करने की आवश्यकता है। यह पत्र राजनीतिक दलों के नेताओं को ऐसे समय में भेजा गया है, जब लोकसभा में बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से खारिज हो गया था। बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए विपक्षी दलों ने उन पर पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि वे उन्हें बोलने का मौका नहीं देते हैं। बिरला ने पत्र में कहा कि अतीत में जब भी सदन के भीतर आचरण और व्यवहार के मानकों में गिरावट महसूस की गई, तो सभी राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों द्वारा समय-समय पर सम्मेलन आयोजित किए गए, जहां देश के लोकतांत्रिक संस्थानों की गरिमा और प्रतिष्ठा के संरक्षण व संवर्धन पर चर्चा और संवाद आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि इस विषय पर पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भी चर्चा हुई है और प्रस्ताव पारित किए गए हैं। बिरला ने कहा, मैंने कई अवसरों पर-चाहे वह कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठकें हों, राजनीतिक दलों के नेत-ाओं के साथ मुलाकातें हों या अन्य अवसर-आपसे आचरण और व्यवहार के उच्च मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, मेरा विनम्र अनुरोध है कि पूरा देश हमारे आचरण और व्यवहार को देखता है और संसद से जाने वाला संदेश देश के सभी लोकतांत्रिक संस्थानों में गूँजता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की बारिश

**जयपुर:** राजस्थान के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, 16 और 17 मार्च को राज्यभर में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की उम्मीद है। हालांकि, 18 से 21 मार्च के बीच पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे कहीं-कहीं आंधी-तूफान, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में 18 मार्च को हल्की बारिश के साथ आंधी-तूफान और तेज हवाएं चल सकती है जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ का सबसे अधिक असर 19 और 20 मार्च को रहने का अनुमान है तथा इस दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान, तेज हवाएं और बारिश हो सकती है।

### यूपी : कई हिस्सों में हल्की बारिश के बाद तापमान में आई गिरावट

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हुई हल्की बारिश और गरज के साथ बौछार के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। लखनऊ स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, अन्य क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से शनिवार रात से उत्तरी तराई क्षेत्र तथा आसपास के मध्य जिलों में रुक-रुक कर हल्की बारिश पड़ रही हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 16 मार्च तक इस तरह का मौसम रहने का अनुमान है, इसके बाद 17 और 18 मार्च को मौसम के शुष्क रहेगा, जिससे तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है। विभाग के मुताबिक, हालांकि 19 मार्च से एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है, जिसके प्रभाव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू होकर 21 मार्च तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश पड़ सकती है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटें पड़ने का पूर्वानुमान जताया है।

### बलिया में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया में शादी का झांसा देकर एक युवती से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि कृष्णा राजभर (24) ने शादी का झांसा देकर छह वर्षों तक उससे शारीरिक संबंध बनाये। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब वह गर्भवती हो गई तो राजभर ने उससे कहा कि अभी वह नौसेना में नौकरी की तैयारी कर रहा है, लिहाजा अभी वह कोई खर्च नहीं उठा सकता है इसलिए वह गर्भपात करा ले। पुलिस के अनुसार, युवती ने आरोप लगाया कि जब राजभर की नौसेना में नौकरी लग गई तो पीड़िता ने युवक के घर जाकर शादी की बात की, जिसपर उसके परिजनों ने उसे अपशब्द कहते हुए घर से भगा दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### बिहार में घर की दीवार ढहने से दो लोगों की मौत, छह घायल

**औरंगाबाद (बिहार):** बिहार के औरंगाबाद जिले में एक घर की दीवार ढह जाने से दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अखिलेशवर यादव (55) और सत्यनारायण यादव (65) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ओबरा इलाके में शनिवार रात एक शादी समारोह के लिए लोग इकट्ठा हुए थे और तभी यह घटना हुई। ओबरा थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, जिस घर में शादी समारोह था, उसकी दीवार अचानक उन लोगों पर गिर गई। कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा, ''दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और छह घायलों को तुरंत पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।'

## रानी पद्मिनी का बलिदान महिलाओं की गरिमा और राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा के संकल्प का प्रतीक: योगी



**जयपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि चित्तौड़गढ़ किले में रानी पद्मिनी का बलिदान महिलाओं की गरिमा और राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। आदित्यनाथ ने चित्तौड़गढ़ में आयोजित जौहर मेला और श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेवाड़ की महिलाओं द्वारा किया गया ऐतिहासिक जौहर साहस, आत्मसम्मान और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। उन्होंने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो अपराध और अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने की नीति अपनाई गई और महिलाओं की गरिमा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा, पहले लड़कियों को पढ़ाई के लिए दूर-दराज रिश्तेद-ारों के घर रहना पड़ता था लेकिन अब वे अपने घर पर रहकर पांच से दस किलोमीटर दूर स्थित स्कूलों तक जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में बेटियां और बहनें रात की शिफ्ट में भी दफ्तरों व फैक्टरियों में काम करती हैं व सुरक्षित घर लौटती हैं। योगी ने कहा कि यह राज्य में बेहतर सुरक्षा वातावरण का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों की प्रेरणा राजस्थान की वीरता और परंपराओं से भी मिली है, विशेषकर मेवाड़ व चित्तौड़गढ़ की विरासत से। उन्होंने कहा कि जब भी चित्तौड़गढ़ और मेवाड़ की वीरता व शौर्य की चर्चा होती है, तो योद्धाओं के साहस और वीरांगनाओं के बलिदान की कहानियां सामने आती हैं। योगी ने मेवाड़ की महिलाओं के जौहर और मीरा बाई की भक्ति को याद करते हुए कहा कि ऐसी परंपराएं पूरे देश को प्रेरित करती हैं। उन्होंने कार्यक्रम से पहले किले में जौहर स्थल पर जाकर वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि दी और कालिका माता मंदिर में पूजा की। योगी ने इसके बाद जालोर पहुंचकर सिरे मंदिर में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान श्री शांतिनाथ आदर्श विद्या मंदिर के विद्यालय भवन का निरीक्षण किया और परिसर में अशोक का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुंबराम चौधरी, भाजपा विधायक बालकनाथ, छगन सिंह राजपुरोहित सहित अन्य नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। योगी आदित्यनाथ सोमवार सुबह श्री रत्-नेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करेंगे और महायज्ञ के समापन अनुष्ठानों में भाग लेंगे। इसके बाद वे सिरे मंदिर धाम में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### मंत्री ने परीक्षा में सवाल के जवाब में पंडित विकल्प दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में पूछे गए एक सवाल को लेकर विवाद खड़ा हो गया और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने रविवार को इस मामले में जांच की मांग की। रविवार को जारी एक बयान में राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रश्न के विकल्पों में 'पंडित' शब्द शामिल किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने इसे अनुचित और आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि यह सामाजिक समरसता को प्रभावित करने वाला कदम है। उपाध्याय ने कहा कि यह कृत्य मानसिक विकृति से ग्रस्त किसी प्रश्न पत्र बनाने वाले की जानबूझकर की गई हरकत प्रतीत होता है। उन्होंने दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मंत्री ने कहा कि किसी भी जाति, वर्ग या परंपरा का अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा। देवरिया से भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

## सोशल मीडिया पोस्ट में रैपर 'बादशाह' को जान से मारने की धमकी, 'टटीरी' गाने को लेकर विवाद भी गहराया



**चंडीगढ़:** लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित सहयोगियों से जुड़ी एक अपुष्ट पोस्ट रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें रैपर-संगीतकार 'बादशाह' को जान से मारने की धमकी दी गई है। 'बादशाह' के नाम से लोकप्रिय आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया अपने नए हरियाणवी गीत 'टटीरी' के जारी होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। गीत के कथित अश्लील बोल और अनुचित दृश्यों को लेकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है और राज्य महिला आयोग ने उन्हें तलब किया है। फेसबुक पर सामने आई कथित पोस्ट में आरोप लगाया गया कि रैपर ने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है। पोस्ट में लिखा है, गायक 'बादशाह', तूने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है। 2024 में तेरे क्लब में तुझे ट्रेलर दिखाया था, अगली बार तेरे माथे में गोली मारेंगे। इस अपुष्ट पोस्ट में नवंबर 2024 में चंडीगढ़ के सेक्टर-26 क्षेत्र में बादशाह के बार-सह-लाउंज के बाहर हुए विस्फोट का भी जिक्र किया गया है।

## जयपुर सोल्जराथॉन में 4,500 से अधिक सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

**जयपुर:** जयपुर मिलिट्री स्टेशन में रविवार को आयोजित 'जयपुर सोल्जराथॉन 2026' के पहले संस्करण में 4,500 से अधिक धावकों ने भाग लिया। इनमें सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक, पेशेवर खिलाड़ी, विद्यार्थी और आम नागरिक शामिल थे। सोल्जराथॉन के संरक्षक और मिजोरम के राज्यपाल वी. के. सिंह ने दक्षिण-पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह की उपस्थिति में मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का आयोजन गांडीव स्टेडियम में हुआ। इसका उद्देश्य फिटनेस, अनुशासन और सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना था। इसका विषय ''सैनिकों के साथ दौड़ो, सैनिकों के लिए दौड़ो' था। इस दौड़ के माध्यम



से पैराप्लेजिया (कमर से नीचे के हिस्से का लकवा) से पीड़ित एवं रीढ़ की हड्डी की चोट झेल चुके सैनिकों के प्रति एकजुटता व्यक्त की गई और 'पैराप्लेजिक पुनर्वास केंद्र' का समर्थन किया गया। इस कार्यक्रम में कई दौड़ श्रेणियां शामिल थीं, जिनमें 21 किलोमीटर 'हाफ मैराथन', 10 किलोमीटर 'टाइम्ड रन', पांच किलोमीटर 'ट्रिब्यूट रन', तीन किलोमीटर 'फन रन' शामिल थे। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों को भाग लेने का अवसर मिला। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान जुम्बा सेशन, पंजाबी ढोल और भांगड़ा प्रस्तुतियां, गटका मार्शल आर्ट प्रदर्शन, आर्मी बैंड की धुनें, फेस पेंटिंग जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

## राजस्थान: उदयपुर में 51 जोड़ों ने सात फेरे लेकर की गृहस्थी की शुरुआत



**उदयपुर:** राजस्थान के उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान के 'सेवा महातीर्थ' परिसर में रविवार को देश के अलग-अलग राज्यों से आए 51 जोड़ों ने सात फेरे लेकर अपनी गृहस्थी की शुरुआत की। आयोजकों ने यह जानकारी दी। आयोजकों के अनुसार, 45वें दिव्यांग और निर्धन सामूहिक विवाह समारोह में 51 जोड़ों में से 25 दिव्यांगजन थे जबकि 26 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से थे। समारोह में संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव अग्रवाल सहित कई अतिथि और दानदाता उपस्थित रहे। आयोजकों के मुताबिक, सामूहिक विवाह 51 अलग-अलग वेदियों पर संपन्न हुए, जहां पुरोहितों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया और जोड़ों ने अग्नि के साक्षी में सात फेरे लिये। आयोजकों ने बताया कि नवविवाहितों को गृहस्थ जीवन शुरू करने में सहयोग देने के लिए संस्थान ने प्रत्येक जोड़े को घरेलू सामान जैसे बिस्तर, चादर, अलमारी, बर्तन, गैस स्टोव, डिनर सेट और पंखे प्रदान किए। अतिथियों और दानदाताओं ने मंगलसूत्र, चूड़ियां और पायल जैसे पारंपरिक उपहार भी दिए। संस्थान ने बताया कि इस आयोजन के साथ अब तक कुल 2,510 दिव्यांग और वंचित व्यक्तियों के विवाह संपन्न कराए जा चुके हैं।

## झारखंड के जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में दो लड़कों की मौत



**जमशेदपुर:** झारखंड के जमशेदपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दो लड़कों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार शाम सुंदरनगर थाना क्षेत्र के कुदादा इलाके में घटी। सुंदरनगर थाना प्रभारी अजीत मुंडा ने बताया कि मृतकों की पहचान दुर्गा हेमब्रम और मार्शल सोरेन के रूप में हुई है, जिनकी आयु 13-14 वर्ष के बीच थी। खबरों के मुताबिक, गुस्साए स्थानीय लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ की और चालक को बंधक बना लिया, जिसे रविवार सुबह पुलिस के हस्तक्षेप के बाद छोड़ा गया। लोगों ने मृतकों के परिजनों के लिए उचित मुआवजे की मांग को लेकर सड़क अवरुद्ध कर दी जिससे कुदादा में यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारी ने बताया कि मुआवजे पर चर्चा के बाद रविवार को पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे लोग सड़क से हट गए।

## राजद नेता तेजस्वी यादव पांच अप्रैल को झारखंड के दौरे पर आएंगे

**रांची:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव राज्य में संगठन को मजबूत करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए पांच अप्रैल को झारखंड का दौरा करेंगे। पार्टी के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रविवार को यहां आयोजित पार्टी की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में अन्य मुद्दों के अलावा उनकी निर्धारित यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कहा, तेजस्वी यादव पांच अप्रैल को रांची पहुंचेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, वह झारखंड में जमीनी स्तर पर पार्टी और उसके संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। झारखंड के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान और पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता भी बैठक में उपस्थित थे। राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी बताया कि झारखंड में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अप्रैल में शुरू होने वाला है।

### बिहार: अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

**पटना:** बिहार के बक्सर और गयाजी जिलों में दो अलग-अलग सड़क हादसों में भारी वाहनों की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात नया भोजपुर थाना क्षेत्र में हुए विवाद के बाद एक ट्रक चालक को लॉरी ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पंकज यादव के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के मऊ जिले का निवासी था। नया भोजपुर पुलिस चौकी प्रभारी चंदन कुमार ने कहा, 'नो-एंट्री गेट' खुलने के बाद आगे निकलने की होड़ में दोनों चालकों के बीच मामूली विवाद के बाद यह घटना घटी।' उन्होंने बताया कि घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया गया और उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जयपुर का अनोखा घर 'फुटबॉल भवन' जहां हर कोना फुटबॉल से सजा है

**जयपुर:** आमतौर पर घरों के नाम किसी आस्था, रिश्ते, शुभ संकेत या प्रकृति से प्रेरित होते हैं, लेकिन राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक ऐसा घर है जिसका नाम सुनकर लोग ठिठक जाते हैं और मुस्कुरा उठते हैं। इस घर का नाम है - 'फुटबॉल भवन'। यह नाम किसी सजावटी कल्पना का नतीजा नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के जीवनभर के जुनून की कहानी है जिसके लिए फुटबॉल सिर्फ खेल नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। जयपुर के नेहरू नगर निवासी और राजस्थान फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव 80 वर्षीय लालचंद अग्रवाल ने अपने घर का नाम ''फुटबॉल भवन' रखा है। फुटबॉल के प्रति उनका लगाव इतना गहरा है कि जब उन्होंने अपना घर बनाया तो उसे उसी पहचान से जोड़ दिया जिसने उनके जीवन को दिशा दी। अग्रवाल का कहना है कि उनके घर के बाहर लगा यह नाम लोगों को अक्सर रुकने पर मजबूर कर देता है। राहगीर जिज्ञ-ासावश पूछ बैठते हैं, 'आखिर घर का नाम फुटबॉल भवन क्यों?' और फिर शुरू होती है उनके जुनून की दिलचस्प



कहानी। अग्रवाल ने कहा कि राहगीर अक्सर रुककर इस अनोखे नाम के पीछे की कहानी पूछते हैं। उनका दावा है कि आज पूरे देश में 'फुटबॉल भवन' नाम का घर सिर्फ जयपुर में ही है। वह बताते हैं कि पहले ऐसे दो घर थे - एक कोलकाता के मशहूर खिलाड़ी एस. मेवालाल का और दूसरा उनका। अग्रवाल ने बताया कि कुछ समय पहले जब वह कोलकाता गए तो वहां के ''फुटबॉल भवन' को देखने की इच्छा हुई। लेकिन वहां पहुंचकर पता चला कि वह घर बिक चुका है और उसे तोड़कर उसकी जगह नया मकान बन चुका है। अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब वह किशनपोल बाजार में किराए के मकान में रहते थे और फुटबॉल खेलते थे, तभी उन्होंने संकल्प लिया था कि अगर कभी अपना घर बनाएंगे तो उसका नाम 'फुटबॉल भवन'' ही रखेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 में जब उन्होंने अपना घर बनाया तो अपने उसी संकल्प को साकार कर दिया। यह घर केवल नाम से ही फुटबॉल से जुड़ा नहीं है। इसके भीतर एक छोटा सा अनोखा फुटबॉल संग्रहालय भी है। यहां फुटबॉल आकार के जूते, ट्रॉफियां, मास्क, टेडी बियर, घड़ियां, कप, पेंसिल, पंखे, बालकनी सजावट की सामग्री, पेपरवेट, की-चेन, फोटो फ्रेम, कैप और जर्सी जैसी कई वस्तुएं सजी हुई हैं। फुटबॉल भवन में स्वीडन, इंग्लैंड, ब्राजील, जापान, चीन, जर्मनी, फ्रांस, इंडोनेशिया, कतर और थाईलैंड सहित करीब 70 देशों से लाई गई फुटबॉल से जुड़ी वस्तुएं मौजूद हैं। अग्रवाल राजस्थान फुटबॉल टीम के कप्तान भी रह चुके हैं और राजस्थान फुटबॉल एडहॉक कमेटी के संयोजक की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उनका कहना है कि फुटबॉल उनके जीवन से कभी अलग नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, 'फुटबॉल मेरे जीवन में इस तरह बस गया है कि हर चीज में उसकी झलक दिखाई देती है। इसमें मेरी आत्मा बसती है।' अग्रवाल ने कहा कि जब भी वह किसी दूसरे देश जाते हैं तो वहां से फुटबॉल से जुड़ी कोई न कोई चीज जरूर तलाशते हैं। उन्होंने कहा कि इस अनोखे संग्रह को बढ़ाने में उनके परिवार के सदस्य भी उनका पूरा साथ देते हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा पवन, जो मर्चेंट नेवी में था, जब भी किसी देश में जाता तो वहां से फुटबॉल से जुड़ी वस्तुएं लेकर आता था। अग्रवाल ने कहा कि उनके घर में फुटबॉल का जुनून सिर्फ उन्हीं तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवार के सभी सदस्यों को यह खेल बेहद पसंद है। जब भी कोई बड़ा मैच होता है, पूरा परिवार एक साथ बैठकर उसे देखता है। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल खिलाड़ी रह चुकीं उनकी बहुएं अर्चना और सरिता मजाक में कहती हैं कि इस घर में किसी को क्रिकेट का शौक नहीं है। अग्रवाल के पास एक खास ट्रॉफी भी है, जिसका वजन 15 किलोग्राम है। उन्होंने कहा, 'एक दिन मेरे मन में आया कि क्या ऐसी फुटबॉल की कल्पना की जा सकती है जो हाथी का वजन भी उठा सके। इसी सोच से प्रेरित होकर मैंने फुटबॉल के ऊपर हाथी की आकृति वाली एक विशेष ट्रॉफी बनवाई।' जयपुर का यह 'फुटबॉल भवन' सिर्फ एक मकान नहीं, बल्कि उस जुनून की मिसाल है जो किसी इंसान के जीवन को पहचान दे देता है।

## न्यूज अपडेट

### पटना में 7.5 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**पटना:** पटना में सक्रिय एक बड़े मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 7.5 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ बरामद किया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने यह कार्रवाई खगौल थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि एक प्लास्टिक बैग से पांच पैकेट मादक पदार्थ बरामद किए गए, जिनका कुल वजन 4.846 किलोग्राम है। इसमें 2.026 किलोग्राम हेरोइन और 2.82 किलोग्राम ब्राउन शुगर शामिल है। बरामद हेरोइन उच्च गुणवत्ता की बताई जा रही है और जब्त किए गए मादक पदार्थों की कुल बाजार कीमत लगभग 7.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम से जुड़े मामलों की जांच के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि खगौल क्षेत्र से पूरे पटना में मादक पदार्थों की आपूर्ति की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस को मुस्तफापुर गांव निवासी कल्लू पासवान पर संदेह हुआ। पुलिस टीम ने छापा मारा, जिस दौरान आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी के घर से एक डिजिटल तराजू, 2,400 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के परिवार के अन्य सदस्यों के भी इस अवैध कारोबार में शामिल होने की आशंका है और मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### मथुरा में अज्ञात हमलावरों ने साधु पर किया जानलेवा हमला, घायल

**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले स्थित एक गांव में कुछ अज्ञात हमलावरों ने मंदिर परिसर में भोजन बना रहे एक साधु पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने साधु के गले पर वार कर उसकी हत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने घायल साधु को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि यह घटना बरसाना थाना क्षेत्र के गांव सहार की है, जहां रविवार पूर्वाह्न श्री राधावल्लभ मंदिर पर रह रहे साधु मोहन दास उर्फ गूंगा बाबा (48) पर खाना बनाते समय बाहर से आए अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि इस हमले में साधु गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि साधु की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी हालांकि अब तक यह पता नहीं चल सका है कि हमलावर कौन थे, कितने थे और उन्होंने साधु की जान लेने की कोशिश क्यों की। पुलिस हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

### किसान समूह बनाकर कार्य करेंगे तभी उन्हें योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा: जयंत चौधरी

**लखनऊ:** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने रविवार को कहा कि किसानों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ तभी मिल सकता है, जब वे जागरूक होकर संगठित तरीके से काम करें और समूह बनाकर अपनी गतिविधियों का विस्तार करें। चौधरी ने देवरिया शहर के चीनी मिल ग्राउंड में पार्टी की ओर से आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि 'फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन' (एफपीओ) के माध्यम से किसान अपनी उपज को बेहतर बाजार तक पहुंचा सकते हैं और व्यापार का विस्तार कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से किसानों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सीमा बढ़ाई गई है लेकिन इन योजनाओं का पूरा लाभ तभी मिलेगा जब किसान जागरूक होकर समूह बनाकर कार्य करेंगे।

### फोन पर बातचीत को लेकर नाराज पिता ने बेटी की हत्या की, गिरफ्तार

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक पिता ने अपनी बेटी की इसलिए हत्या कर दी क्योंकि वह फोन पर किसी लड़के से बातचीत किया करती थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शुरू में यह एक हादसा लग रहा था लेकिन रविवार को सच्चाई सामने आ गयी। पुलिस ने बताया कि आरोपी कमलेश भारती ने 13 मार्च को घर में हुई कहा-सुनी के बाद अपनी बेटी नेहा भारती (23) पर हंसिया से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान कमलेश ने कबूल किया कि उसने अपनी बेटी को फोन पर किसी लड़के से बात करने के बारे में कई बार चेतावनी दी थी लेकिन जब वह नहीं मानी और उसने 13 मार्च को फिर उसे फोन पर बात करते देखा तो दोनों के बीच तीखी बहस हुई। आरोपी ने पुलिस को बताया, गुस्से में मैंने उसे थप्पड़ मारा। जब उसने जवाब में अपना हाथ उठाया, तो मैंने अपना आपा खो दिया और कमरे में रखे हंसिया से उस पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने यह भी कबूल किया कि उसने अपनी बेटी की गर्दन पर कई बार वार किए।

## कांशीराम को 'भारत रत्न' देने में विलंब न करे केंद्र सरकार: मायावती और राहुल गांधी

**लखनऊ/नयी दिल्ली:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से पार्टी संस्थापक कांशीराम को 'भारत रत्न' देने में अधिक विलंब ना करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को 'भारत रत्न' नहीं देने की कांग्रेस की गलती को न दोहराये। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कांशीराम को 'भारत रत्न' सम्मान देने की गुजारिश की। मायावती ने बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती पर लखनऊ में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार से काशीराम को 'भारत रत्न' से सम्मानित करने में विलंब ना करने की मांग की। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित नहीं करने की गलती की थी और वर्तमान में केन्द्र की भाजपा /राजग सरकार भी बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी को भारतरत्न से सम्मानित करने में देरी ना करे क्योंकि देश में संविधान की मंशा के अनुसार समतामूलक समाज तैयार करने के मामले में उनका योगदान ऐतिहासिक है और इस कारण वह भी लोगों के दिलों में बसते हैं।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की होगी हार : अखिलेश यादव



**मुंबई:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अगले महीने होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। अखिलेश ने साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि तृणमूल कांग्रेस(टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी मुख्यमंत्री के पद पर बनी रहेंगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि समाजवादी पार्टी असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल सहित चार राज्यों में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को अपना समर्थन देगी। इन चार राज्यों में अप्रैल में विधानसभा चुनाव होंगे। उन्होंने कहा, 'हम असम में एक सीट की मांग कर रहे हैं, और अगर ऐसा नहीं भी होता है, तो भी हम 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दलों का समर्थन करेंगे।' असम और केरल में नौ अप्रैल को मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में और तमिलनाडु में 23 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा।

# कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे: शाह

## असम में 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं की शुरुआत की



**गुवाहाटी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये ''अपनी जेब में डाल लिए''। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है। शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा, ''10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।'' केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा, ''15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए।'' उन्होंने कहा, ''इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं।''

### असम में अब तक का सबसे बड़ा जनादेश हासिल करके सत्ता बरकरार रखेगी भाजपा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम में अब तक का सबसे बड़ा जनादेश हासिल करके सत्ता बरकरार रखेगी। शाह ने यहां भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोगों से एक बार फिर भाजपा को जिताने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि हर घुसपैठिए को भारत से बाहर निकाल दिया जाएगा।

## आम आदमी पार्टी ने असम विधानसभा चुनाव के लिए 14 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**गुवाहाटी :** आम आदमी पार्टी ने रविवार को नौ अप्रैल को होने वाले असम विधानसभा चुनावों के लिए अपने राज्य उपाध्यक्ष अनुरुपा डेकाराजा सहित 14 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की। सूची में शामिल सभी निर्वाचन क्षेत्र ब्रह्मपुत्र घाटी में स्थित हैं। डेकाराजा गुवाहाटी सेंट्रल सीट से और रेणुका तिमुंगपी बोकाजान से चुनाव लड़ेंगी। आप के राज्य प्रभारी राजेश शर्मा द्वारा जारी सूची में नामित अन्य उम्मीदवारों में अच्युत दास (नाओबोइचा), तपन गोगोई (शिवसागर), जाहिदुल इस्लाम खान (चेंगा), रंजीत बोरो (नदुआ), पल्लव सैकिया (टीटाबोर) और जिन्ना आमीर हुसैन (पूर्वी गोलपारा) शामिल हैं। असम विधानसभा में अभी तक अपना खाता भी नहीं खोल पाने वाली आम आदमी पार्टी यहां किसी अन्य विपक्षी दल के साथ गठबंधन किए बिना चुनाव लड़ेगी।

## गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन शुरू

**नयी दिल्ली :** गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए लोगों की असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की प्रक्रिया रविवार से शुरू हो गई। सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। इसमें कहा गया है, पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री) देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं। इसमें कहा गया है कि इन पुरस्कारों की शुरुआत 1954 में हुई थी और तब से ये पुरस्कार हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशिष्ट कार्यों को मान्यता देने के लिए घोषित किए जाते हैं। इसमें कहा गया है,जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। सरकारी कर्मचारी (जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत लोग भी शामिल हैं) चिकित्सक और वैज्ञानिक पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं।

## आबकारी नीति मामला : केजरीवाल और सिसोदिया ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति मामले में उन्हें आरोप मुक्त किये जाने के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल अर्जी को उच्च न्यायालय के किसी अन्य न्यायाधीश को स्थानांतरित करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज किये जाने के बाद उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। आप ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और अन्य लोगों द्वारा दाखिल उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर की गई अपील की सुनवाई न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत से स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था।

## बंगाल से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, उस्मान हादी के हत्यारों को भारत में दाखिल कराने का है आरोप

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने बांग्लादेश के युवा नेता शरीफ उस्मान हादी के संदिग्ध हत्यारों को भारत भागने में मदद करने के आरोप में एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह गिरफ्तारी विशेष कार्य बल (एसटीएफ) द्वारा उत्तर 24 परगना जिले के बोंगांव से हादी की हत्या के सिलसिले में वांछित दो संदिग्धों को गिरफ्तार करने के एक सप्ताह बाद हुई है। आरोपियों की पहचान बांग्लादेश के पटुआखलि निवासी फैसल करीम मसूद (37) उर्फ राहुल, और ढाका निवासी आलमगीर हुसैन (34) के रूप में हुई। पुलिस अधिकारी के मुताबिक दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि फिलिप संगमा नामक एक व्यक्ति ने मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने में उनकी मदद की थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर एसटीएफ ने संगमा का पता लगाया और शनिवार सुबह पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर बाईपास क्षेत्र से उसे गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि बांग्लादेशी नागरिक संगमा कथित तौर पर हलुआघाट (बांग्लादेश) और दलूपाड़ा (मेघालय) क्षेत्रों में सीमा के रास्ते पैसे के बदले घुसपैठ कराने में मदद करता है। पुलिस के अनुसार, संगमा ने हत्या के बाद मसूद और हुसैन को भारत में प्रवेश करने में मदद करने की बात स्वीकार की। जांचकर्ताओं ने बताया कि संगमा बाद में बांग्लादेश में गिरफ्तारी से बचने के लिए भारत में दाखिल हुआ और देश में अपना ठिकाना बदलता रहा।

## केरल विधानसभा चुनाव: माकपा ने 81 उम्मीदवारों की घोषणा की, मुख्यमंत्री विजयन और 11 मंत्री मैदान में

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और उनके मंत्रिमंडल के 11 सहयोगी सत्तारूढ़ माकपा द्वारा रविवार को घोषित किए गए राज्य में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के 81 उम्मीदवारों में शामिल हैं। नयी दिल्ली में निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव एम वी गोविंदन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सूची जारी की। उन्होंने कहा कि घोषित 81 उम्मीदवारों में से छह पार्टी समर्थित निर्दलीय हैं। पांच निर्वाचन क्षेत्रों (कोडुवल्ली, कोट्टक्कल, कोंडोट्टी, तिरुर और पलक्कड़) के लिए स्वतंत्र उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि 56 मौजूदा



विधायक चुनाव मैदान में हैं और मुख्यमंत्री विजयन के अलावा 11 मंत्री भी उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। गोविंदन ने कहा कि विजयन माकपा पोलित ब्यूरो के एकमात्र सदस्य हैं जो चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि ए एन शमसीर (वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष) और एम एम मणि (इडुक्की जिले के पार्टी के एक अनुभवी नेता हैं) सूची में जगह पाने में असफल रहे। विजयन उत्तरी कन्नूर जिले के अपने मौजूदा विधानसभा क्षेत्र धर्मदम से चुनाव लड़ेंगे। वहीं वरिष्ठ नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के. के. शैलजा कन्नूर के परवूर निर्वाचन क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमाएंगी। विजयन के अलावा चुनाव लड़ रहे मंत्रियों में ओ आर केलू (मनंथावाडी), पी ए मोहम्मद रियास (बेपोर), वी अब्दुरहिमान (तनूर), एमबी राजेश (थ्रिथला), आर बिंदू (इरिंजलाकुडा), पी राजीव (कालामस्सेरी), वी एन वासवन (एट्टुमानूर), साजी चेरियन (चेंगन्नूर), वीना जॉर्ज (अरनमुला), के एन बालगोपाल (कोट्टाराक्करा) और वी. शिवनकुट्टी (नेमोम) शामिल हैं। माकपा द्वारा जारी उम्मीदवारों की सूची में 10 महिला उम्मीदवार हैं।

## लोकसभा अध्यक्ष पद से हटाने का प्रस्ताव खारिज होने के बाद मोदी ने लिखा बिरला को पत्र

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव लाने को लेकर रविवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि यह प्रस्ताव निजी स्वार्थ से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि वंशवादी मानसिकता से ग्रस्त कुछ लोग लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपने संकीर्ण दायरे में सीमित रखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी बिरला को लिखे एक पत्र में की। कुछ दिन पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष द्वारा बिरला को लोकसभा अध्यक्ष पद से हटाने के लिए लाया गया प्रस्ताव गिर गया था। पत्र के लिए आभार जताते हुए बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा भारत की



संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं में अटूट विश्वास रखा है। मोदी ने पत्र में लिखा, लोकसभा में आपके खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। मैं सदन के सदस्यों को भी बधाई देता हूं कि उन्होंने इस राजनीतिक कृत्य को निर्णायक रूप से अस्वीकार किया। उन्होंने कहा, अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद आपने सदन में जो वक्तव्य दिया, उसे मैंने ध्यानपूर्वक सुना। संसदीय इतिहास, अध्यक्ष के कर्तव्यों और नियमों की सर्वोच्चता का जिस संतुलन, धैर्य और स्पष्टता के साथ आपने उल्लेख किया, वह अत्यंत प्रभावशाली था। इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी संवैधानिक संस्थाएं हैं और इनमें संसद सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि इस सदन में उठने वाली हर आवाज देशभर के करोड़ों नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह लोकतांत्रिक परंपराओं, संसदीय नियमों और संस्थागत गरिमा के संरक्षक भी होते हैं।

## असम : राजनीतिक दलों ने नौ अप्रैल के चुनाव के लिए कमर कसी

**गुवाहाटी :** असम में विभिन्न राजनीतिक दलों ने रविवार को कहा कि वे नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसके साथ ही विपक्ष ने निर्वाचन आयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया। राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ प्रवक्ता रूपम गोस्वामी ने दावा किया कि जनता पहले ही अपना फैसला कर चुकी है और पार्टी को भरोसा है कि वह राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''एक पार्टी के रूप में, भाजपा किसी भी चुनाव का सामना करने के लिए हमेशा तैयार है। हमारी तैयारियां पूरी हैं। उम्मीदवारों की सूची भी जल्द ही घोषित की जाएगी।'' गोस्वामी ने कहा कि मतदाताओं ने भी यह तय कर लिया है कि वे किसे समर्थन देंगे, और इस मामले में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन विपक्ष से काफी आगे है। उन्होंने कहा, ''लोगों को पता है कि किसे वोट देना है। यह भी अच्छी बात है कि बोहाग बिहू से पहले चुनाव समाप्त हो जाएंगे और सभी असमिया नववर्ष मना सकेंगे।'' प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रमुख बेदब्रत बोरा ने कहा कि पार्टी चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा, ''हमें पहले से ही अंदाजा था कि अप्रैल की पहली तिमाही में एक ही चरण में चुनाव होंगे। हमारी तैयारियां उसी दिशा में चल रही थीं और हम इसके लिए तैयार हैं।'' बोरा ने कहा, ''इसीलिए हमारी पार्टी के उम्मीदवारों की दो सूचियां पहले ही आ चुकी हैं।''

## न्यायिक प्रणाली को अस्पतालों की तरह ही सेवा भाव से काम करना चाहिए : सीजेआई सूर्यकांत

**मंडी (हिमाचल प्रदेश) :** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं। मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन



किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है।

### एम्स में इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू

## हरीश के दो लाइफ सपोर्ट के प्रमुख पाइप हटाए गए, डॉक्टरों ने बनाई नजर



**नई दिल्ली :** देश में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया के तहत एम्स में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को धीरे-धीरे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, एम्स के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की पैलिएटिव केयर यूनिट में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट से जुड़े दो प्रमुख पाइप हटा दिए गए हैं।

**लगातार हालात पर नजर बनाए हैं डॉक्टर**

जानकारी के मुताबिक, डॉक्टरों की निगरानी में यह प्रक्रिया बेहद सावधानी के साथ चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए है। बताया जा रहा है कि यह पूरी प्रक्रिया मेडिकल प्रोटोकॉल और कानूनी दिशा-निर्देशों के तहत ही आगे बढ़ाई जा रही है।

**निश्चित समयसीमा तय नहीं**

सूत्रों का कहना है कि लाइफ सपोर्ट के कुछ उपकरण हटाए जाने के बाद अब आगे की स्थिति हरीश राणा के शरीर की प्रतिक्रिया और चिकित्सकीय स्थिति पर निर्भर करेगी। डॉक्टरों का मानना है कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु की यह प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो सकती है, हालांकि इसके लिए कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की गई है।

**एक महत्वपूर्ण मिसाल**

एम्स में चल रही यह प्रक्रिया देश में निष्क्रिय इच्छामृत्यु के मामलों को लेकर एक महत्वपूर्ण मिसाल के तौर पर देखी जा रही है। अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकीय टीम पूरे मामले को संवेदनशीलता और सावधानी के साथ संभाल रही है।

## पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए बड़ी चुनौती, पश्चिम बंगाल में असली परीक्षा

**नयी दिल्ली :** पांच राज्यों की सत्ता की दौड़ में भाजपा के लिए चुनौती बड़ी है, लेकिन असली कसौटी पश्चिम बंगाल में है जहां पार्टी ममता बनर्जी की मजबूत तृणमूल मशीनरी से भिड़ने के लिए तैयार है। पश्चिम बंगाल विधानसभा के 2021 के चुनावों में भाजपा ने प्रमुख विपक्षी दल के रूप में अपनी पकड़ मजबूत की और 294 सदस्यीय विधानसभा में उसकी सीट की संख्या 2016 में मात्र तीन से बढ़कर 77 हो गई। चुनावी रणनीति में नए बदलाव के साथ, भाजपा इस बार ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ फैली जनविरोधी लहर का लाभ उठाकर तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में आश्वस्त है। पार्टी राज्य में भ्रष्टाचार और घुसपैठ के मुद्दों को उठाकर





जनता की भावनाओं को अपने पक्ष में करने की भी कोशिश कर रही है। तृणमूल पश्चिम बंगाल में लगातार 15 वर्षों से सत्ता में है। हालांकि, भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती पश्चिम बंगाल में किसी स्थानीय करिश्माई नेता की कमी है। जहां भाजपा लड़ाई जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा कर रही है, वहीं ममता बनर्जी राज्य में एक मजबूत और चुनौतीपूर्ण राजनीतिक चेहरा बनी हुई हैं। असम में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में अपनी शासन व्यवस्था और संगठनात्मक शक्ति का भरोसा लेकर लगातार तीसरी जीत हासिल करने को आश्वस्त है। लेकिन कांग्रेस नीत विपक्ष सत्ता विरोधी लहर और स्थानीय शिकायतों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। भाजपा को अल्पसंख्यक मतदाताओं, विशेषकर बांग्ला भाषी मुसलमानों के प्रतिरोध का भी सामना करना पड़ सकता है। साथ ही छह समुदायों के लंबे समय से लंबित अनुसूचित जनजाति दर्जा देने की मांग जैसे मुद्दे भी चुनावी बहस का हिस्सा बन सकते हैं।

## उप-राज्यपाल सिन्हा ने आतंकी हमलों के पीड़ितों के 27 परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को आतंकवादियों द्वारा पीड़ित सभी लोगों को न्याय दिलाने का संकल्प लिया और यहां आतंकी हमलों के 27 परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे। सिन्हा ने कहा, मैं आतंकी हमले के हर पीड़ित परिवार को न्याय



दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं और दोषियों को जवाबदेह ठहराने के लिए लंबित मामलों की जांच की जाएगी। सिन्हा ने इस बात की पुष्टि की कि आतंकवाद से प्रभावित परिवारों से जबरन छीनी गई जमीनें या घर मुक्त कराए जाएंगे और वापस कर दिए जाएंगे और जिन मामलों की अभी जांच होनी बाकी है, उनकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन अन्याय को दूर करने और आतंकी हमलों के पीड़ितों के परिवारों के दरवाजे पर न्याय का द्वार खोलने में सफल रहा है। उन्होंने कहा, अब तक लगभग 400 परिजनों को रोजगार मिल चुका है, और हम तब तक अथक प्रयास करते रहेंगे जब तक कि हम न्याय की प्रतीक्षा कर रहे अंतिम परिवार तक नहीं पहुंच जाते।

## एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस पश्चिम एशिया से 48 उड़ानें संचालित करेंगी

**नयी दिल्ली :** एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस सोमवार को पश्चिम एशिया से आने व जाने के लिए 48 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करेंगी। इस संबंध में एक विज्ञप्ति में बताया गया कि दोनों विमानन कंपनी भारतीय शहरों और जेद्दा के बीच कुल 10 उड़ानों सहित जेद्दा व मस्कट के लिए अपनी निर्धारित उड़ानें संचालित करेंगी। एअर इंडिया दिल्ली और मुंबई से एक-एक वापसी उड़ान संचालित करेगी, जबकि एअर इंडिया एक्सप्रेस बेंगलुरु, कोझिकोड और मंगलुरु से एक-एक उड़ान संचालित करेगी। एअर इंडिया ने कहा कि एअर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट के लिए 12 निर्धारित उड़ानें संचालित करेगी, जिनमें दिल्ली, कन्नूर, मुंबई और तिरुवनंतपुरम से एक-एक उड़ान और कोच्चि से दो उड़ानें शामिल हैं।

# विधानसभा की आठ सीटों पर उपचुनाव 9 और 23 अप्रैल को होंगे; मतगणना चार मई को होगी: मुख्य निर्वाचन आयुक्त





**नयी दिल्ली :** गोवा, कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव नौ अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात और महाराष्ट्र की तीन अन्य विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि उपचुनाव के लिए सभी आठ निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना चार मई को होगी। सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव मौजूदा विधायकों के निधन के कारण आवश्यक हो गए थे। जिन आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, उनमें गोवा में पोंडा, कर्नाटक में बागलकोट और दक्षिण दावणगेरे, नगालैंड में कोरिडांग, त्रिपुरा में धर्मनगर, गुजरात में उमरेठ और महाराष्ट्र में राहुरी और बारामती शामिल हैं।

## चुनावी राज्यों में कई मतदान केंद्र होंगे अनूठे

**नयी दिल्ली :** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1,500 से कम मतदाताओं वाले तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम को बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होकर गुजरना होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। कुमार ने विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित करने के लिए यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों तथा पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित अनूठे मतदान केंद्रों पर प्रकाश डाला। सीईसी ने कहा, ''मतदान टीम असम के माजुली से नौका और सड़क मार्ग से 50-60 किलोमीटर की कठिन यात्रा करती हैं, ब्रह्मपुत्र नदी को पार करती हैं और अंत में ट्रैक्टर से 248 मतदाताओं वाले सुदूर धनेखाना मतदान केंद्र पहुंचती हैं।'' कुमार ने बताया कि केरल के एडामलकुड्डी के आदिवासी क्षेत्र में स्थित एक बूथ पर कुल 693 मतदाता पंजीकृत हैं और यह एक अनूठा दूरस्थ मतदान केंद्र है। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारी विशेष वाहनों पर ऊबड़-खाबड़ दुर्गम इलाके से होते हुए 30 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद, आठ किलोमीटर पैदल चलकर इस मतदान केंद्र तक पहुंचते हैं। सीईसी के मुताबिक, अलीपुरद्वार जिले में, मतदान टीम बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होते हुए तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचती हैं, जहां क्रमशः बक्सा में 759, चुनाभट्टी में 235 और अदमा में 445 मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु के थेनी जिले में वरुसनद पहाड़ियों में, मतदान अधिकारी वेल्लीमलाई मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए कठिन इलाकों से होते हुए तीन घंटे की यात्रा करते हैं जहां मात्र पांच मतदाता पंजीकृत हैं। कुमार ने कहा, ''पुडुचेरी में 1885 में निर्मित वी ओ चिदंबरम पिल्लई स्कूल को एक मॉडल मतदान केंद्र के रूप में नामित किया गया है, जिसमें क्रमशः 722 और 651 मतदाताओं वाले दो मतदान केंद्र हैं।'' निर्वाचन आयोग ने रविवार को चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। आयोग के मुताबिक, असम, केरल, पुडुचेरी में एक ही चरण में नौ अप्रैल को और तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में क्रमशः 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान होगा। आयोग ने बताया कि चारों राज्यों और पुडुचेरी की सभी 824 सीट के लिए मतगणना चार मई को की जाएगी।

## न्यायालय ने केंद्र को गंगा किनारे अतिक्रमणों पर व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार से गंगा के पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिसूचना के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर रखने को कहा। इसने कहा, ''उपरोक्त अधिसूचना के बेहतर और प्रभावी कार्यान्वयन में प्राधिकरण (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन प्राधिकरण) के सामने कौन-कौन सी बाधाएं या रुकावटें आ रही हैं?'' पीठ ने कहा, ''उपर्युक्त सभी राज्यों से होकर बहने वाली गंगा नदी की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नदी के मैदानी क्षेत्र और किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमणों से मुक्त हों, प्राधिकरण क्या कदम उठाने का इरादा रखता है?'' उच्चतम न्यायालय ने गंगा बेसिन के कई राज्यों को नोटिस जारी किया और कहा कि इस मुद्दे पर व्यक्तिगत मामलों से परे व्यापक जांच की आवश्यकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। उच्चतम न्यायालय पटना निवासी अशोक कुमार सिन्हा द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उन्होंने एनजीटी के 30 जून, 2020 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था।

